

सूर्योदय प्रातः 5:13 | सूर्यास्त संध्या 6:19 | पखवाड़ा: वैशाख कृ. द्वादशी, संवत 2081 | तापमान: अधिकतम 37° न्यूनतम 24°




# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, रविवार, 05 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 81, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,878.15 | -732.96 (-0.98%) |
| निफ्टी | 22,475.85 | -172.35 (-0.76%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 65,850.00 |
| चांदी | 830.00 |

## पलामू के चियांकी व गुमला के सिसई में भाजपा की चुनावी सभा में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री

# पिछड़ों-दलितों के आरक्षण छीनने नहीं देंगे : मोदी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह संविधान को आंच नहीं आने देंगे। पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में उमड़ी भीड़ देख कर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम-कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखा दिये। साथ ही, उन्होंने लोगों को वोट की ताकत भी बतायी। वह शनिवार को राज्य के पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि आपके एक वोट से 500 वर्ष बाद राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गया। नक्सलवाद खत्म हुआ। इसी तरह एक वोट से 2014 में महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार का सफाया हो गया। आप अपने एक वोट की ताकत को समझिए और हमेशा देशहित की सोच रखनेवाली पार्टी को सपोर्ट कीजिए। उन्होंने 13 मई को पहले मतदान, फिर जलपान की बात कही। यह भी कहा कि गर्मी कितनी भी पड़े, लेकिन आप वोट के लिए घर से जरूर निकलिए। घर-घर जाइए और मतदाताओं से मिलिए। इस दिन अपना बूथ जीतिए। छोटी-छोटी यात्राएं निकाल कर उत्सव की तरह मतदान केन्द्र तक जायें, तभी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहेगी।




पीएम मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान ने आतंक मचा रखा था, लेकिन आज का नया भारत घर में घुस कर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हिला दिया। पहले झारखंड-बिहार के नौजवान हमेशा शहीद होते थे। आतंकवाद के डर से कांग्रेस सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान पूरी दुनिया में जाकर रो रहा है। पाकिस्तान दुआ कर रहा है कि कांग्रेस के शहजादे पीएम बनें। लेकिन, पूरा भारत चाहता है कि मजबूत सरकार बने और मोदी सरकार बने।

मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस दलित, पिछड़े एवं आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। जबतक मोदी जिंदा है, तबतक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। आरक्षण को हम जाने नहीं देंगे। संविधान को छेड़छाड़ कर बदलने नहीं देंगे। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली गया। वर्ष 2025 में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हिन्दुस्तान के हर कोने में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायी जायेगी।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा-आजसू के साथ पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पलामू से विष्णु दयाल उम्मीदवार हैं। 13 मई को उन्हें जिताने एवं केन्द्र में मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। वीडी राम इतने सरल हैं कि इन्हें देख कर कोई नहीं कहता कि वह डीजीपी भी रह चुके हैं। जब भी परिचय कराता हूं, तो लोग मानने को तैयार नहीं होते।

उल्लेखनीय है कि पीएम की जनसभा में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। पुलिस और सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस के लोग मोदी के आंसुओं में अवसर ढूंढते हैं

**पीएम** मोदी ने कहा कि जिसने मां को धुएं में खांसते नहीं देखा, वह गरीबी क्या जाने? जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, वह गरीबी क्या जानेगा? शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान नहीं देखा, वह गरीबों के आंसुओं का मर्म नहीं समझेगा। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि उन्होंने अपने घर में कई प्रधानमंत्री देखे। वह चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। दलित, आदिवासी के साथ फोटो खिंचवाते हैं और उनका मजाक उड़ाते हैं। कांग्रेस के लोग मोदी के आंसुओं में अवसर ढूंढते हैं। कहते हैं, मोदी की आंखों में आंसू अच्छे लगते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि पलामू को पिछड़ा जिला कह कर कोई बढ़िया अधिकारी यहां आना नहीं चाहता था। कांग्रेस सरकार इस जिले को हीन भावना से देखती थी, लेकिन उन्होंने पलामू को आकांक्षी जिला बना कर विकास के पैमाने पर लाकर खड़ा किया। पहले 100 में 14 ऐसे लोग थे, जिनके पास पक्के मकान थे। आज करीब-करीब सबके पक्के मकान हैं।

## इंडी गठबंधन अब वोट जिहाद का ले रहा सहारा : प्रधानमंत्री

**गुमला :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अब एनडीए के खिलाफ वोट जिहाद का सहारा ले रहा है। साथ ही, मोदी ने लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की।

पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। माताएं और बहनें मेहनत से एक-एक रुपये जमा करती हैं, लेकिन यहां कांग्रेस के एक सांसद के ही घर से नोटों के ढेर निकले। ये इतने बड़े थे कि मशीन लायी गयी, जो हांफने भी लगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर यह पैसा किसका है? साथ ही, कहा



कि यह जनता का, उसके पसीने और हक का है। यहां के एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। कोर्ट भी कह रहा है कि चोरी हुई है।

● शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस केवल वोट बैंक की चिंता में

**मोदी** ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है, जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आनेवाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे। अब कह रहे कि मोदी संविधान बदल देगा। वे मुर्खों के सरदार से कहना वे मुर्खों के सरदार से कहना चाहते हैं कि वे 10 सालों से प्रधानमंत्री हैं, लेकिन इतने सालों में उन्होंने ऐसा कोई पाप बाबा साहेब के संविधान के साथ नहीं किया है।

## एक झलक

### झारखंड में कल से बारिश की सम्भावना

**रांची :** राज्य में झुलसा देनेवाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की सम्भावना जतायी गयी है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की सम्भावना। सात मई को राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल सम्भावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

### मसूरी में कार हादसा पांच की मौत

**देहरादून :** मसूरी-देहरादून मार्ग पर आज सुबह झड़ीपानी रोड पानी वाले बैंड के पास कार दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। कार में कुल छह लोग सवार थे। घायल को दून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कार (यूके 07 बीडी 8600) झड़ीपानी के निकट मसूरी में अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। देहरादून एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। मसूरी पुलिस फायर सर्विस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

### एल्विश के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

**गौतमबुद्ध नगर :** चर्चित यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला विभिन्न रेव पार्टियों में सांपों का जहर सप्लाई करने से जुड़ा है। इस मामले में एल्विश को 22 मार्च को गौतमबुद्ध नगर जिले की सूरजपुर की अदालत से जमानत मिली थी। इससे पहले नोएडा पुलिस ने इस केस में कोर्ट में 1200 पृष्ठ की चार्जशीट दाखिल की थी।

### कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता का चुनाव लड़ने से इनकार

**पुरी/नयी दिल्ली :** ओड़िसा की प्रतिष्ठित पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने पार्टी का टिकट वापस करने की बात कही है। सुचरिता के मैदान छोड़ देने से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. संबित पात्रा के लिए राह आसान मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुरी के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 मई है और वहां 25 मई को मतदान होना है।

## भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं : चम्पाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूकें नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आयी है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। यह वही भाजपा है, जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ती हुई गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी। लेकिन, आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़तीं कीमतें आसमान छूने को हैं। चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किये। लेकिन, यह जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां की मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने सम्बोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय

● शेष पृष्ठ 11 पर

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त की जमानत याचिका पर फैसला 10 को

**रांची :** जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमन्त सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा की गयी। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमन्त सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक

● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला की वादियों में पहुंचीं

**एजेंसी**

**शिमला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शनिवार सुबह पहाड़ों की रानी शिमला पहुंचीं। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर सुबह 10 बज कर 11 मिनट पर शिमला के समीप कल्याणी हेलीपैड उतरा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति की अगवानी की। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में वह छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द



रिट्रीट पहुंचीं।

राष्ट्रपति 05 मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी। 06 मई को वह जिला कांगड़ा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य

● शेष पृष्ठ 11 पर

## किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा : खड़गे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को देश के किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित बताया और कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जायेगी। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जायेगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जायेगा और सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जायेगा। केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कम्पनियों को कमवाया। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार,

● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस एक नम्बर की आदिवासी विरोधी पार्टी : शाह

**एजेंसी**

**छोटाउदेपुर :** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किये जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नम्बर की आदिवासी विरोधी पार्टी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किये गये कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए। भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नम्बर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया।



कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति पर प्रहार करते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में

● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था : मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** केन्द्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने शनिवार को खूंटी जिले के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिन्ता हमारी सरकार ने की है। इससे पहले 60 साल तक राज करनेवाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था। मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारम्भ हो चुका है। जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा दी जायेगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि खूंटीवासियों के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में एक खास जगह है और अपने भाषणों में वह भगवान बिरसा मुंडा का जिक्र हमेशा करते हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चल रही

● शेष पृष्ठ 11 पर

# जनता के अधिकारों को कमजोर कर रही सरकार : प्रियंका

**एजेंसी**

**पालनपुर :** बनासकांठा जिले के लाखणी में कांग्रेस की न्याय संकल्प सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महंगाई, बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों पर केन्द्र की भाजपा सरकार को घेरा। प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि उन्होंने जनता के अधिकारों को कमजोर किया है। एक जमाने में प्रधानमंत्री देश की जनता के गांव-घरों में जाते थे, तो लोग-बाग उनसे अपना हक मांगते थे। सड़क-पानी के लिए जनता कहती थी। यह पहले की



राजनीति की नींव महात्मा गांधी ने डाली थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह देश की जनता से कट कर कुछ सीमित लोगों तक सिमट गये हैं।

अपने भाई राहुल को शहजादा कहने पर प्रियंका ने कहा कि इस शहजादे ने देश की 4000 किलोमीटर यात्रा की है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चले हैं, लोगों की समस्याओं को जाना है।

प्रियंका ने केन्द्र सरकार को पेपर लीक, किसानों की कर्ज माफी, खेती के सामान पर जीएसटी आदि मुद्दों पर घेरने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों की कर्ज माफी के लिए स्थाई आयोग बनायेंगी। खेती के सामान से जीएसटी हटा देंगी। फसल नुकसान पर 30 दिनों के अंदर भुगतान की नीति बनायी जायेगी। साथ ही, देशभर में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये करने का लोगों को भरोसा दिलाया।

### प्रियंका गांधी 13 मई को बाघमारा में करेंगी चुनाव प्रचार

**रांची :** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 12 किलो सोना जब्त

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 8.17 करोड़ रुपये कीमत का 12.74 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसके साथ ही 20 मामलों में 10 लाख करोड़ रुपये मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया गया और पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि कस्टम की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित छानबीन करती है। इसके तहत ही पिछले एक सप्ताह में कस्टम की टीम ने अलग अलग 20 मामलों में कार्रवाई करते हुए सोना और इलेक्ट्रानिक्स सामान के साथ पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

## अंदर के पन्नों पर


3 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का...

5 लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने...

7 भाजपा संविधान बदलने की तैयारी में : केएन त्रिपाठी...

9 लालू ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण...

10 आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई...

## एक झलक

### भीषण गर्मी में लू की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू पंचायत स्थित बयांग गाँव निवासी मटुक लाल महतो, पिता –अरजलाल महतो, उम्र 53 वर्ष की शुक्रवार को ईलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि प्रत्येक दिन की भाँति शुक्रवार को भी मटुक लाल महतो अपने घर से मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टाँड़ की ओर ले गए थे। इस दौरान चिलचिलाती धूप की वजह से वे लू की चपेट में आ गए तथा वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घर वालों को दी। तत्पश्चात घर वाले वहाँ पहुँचकर उसे इलाज के लिए गोला के एक निजी अस्पताल में ले गए जहाँ उसकी बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में ईलाज के दरम्यान उसकी मौत हो गई। मृत्यु के पश्चात घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में किया चुनाव प्रचार



**बुढ़मू :** एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने शनिवार को बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने ठाकुरगांव, नाउज, बेतांगी, गुतरू, गेसवे, कोराबार सहित अन्य गांव में जाकर ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश को मजबूत करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।मौके पर भाजपा के बैठक एवं कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, विधायक समरीलाल, कमल मोदी, उत्पल शाहदेव, सहानंद गोप, संजय पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### खूंटी सीट जीत रही है कांग्रेस, ईमानदारी से काम करें कार्यकर्ता : गुलाम अहमद मीर

**खूंटी :** अखिल भारतीय कांग्रेस केमटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर शुक्रवार देर रात खूंटी लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा के आवासीय कार्यालय पहुंचे। मीर ने गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को गर्म जोशी से लोकसभा चुनाव में लगने और हर संभव वोटरों को वोटिंग के लिए जागरूक करने की नसीहत दी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। कांग्रेस मीर ने कहा कि इस बार खूंटी लोकसभा हम सभी जीत रहे हैं, फिर भी सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से ईमानदारी पूर्वक आपने कार्य का निर्वाह करने काय निर्देश दिया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस केमटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, दयामनी बारला, अमरेन्द्र सिंह, मानस सिन्हा, रविन्द्र सिंह, पीटर मुन्डू, देवजीत देवघरिया, गुलाम गौस आदि उपस्थित थे।

### सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक : बिरेन्द्र साहु

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री (झारखंड-बिहार) डॉ बिरेन्द्र साहु ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है। हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा।

डॉ साहू ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी को काल्पनिक कहने वाले और भगवान श्रीकृष्ण की अपमान करने वाले को इस देश के शासन व्यवस्था में रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ साहू ने हिंदू समाज से अपील किया है कि भारतीय धार्मिक- सांस्कृतिक संरक्षण, मानबिंदुओं की सुरक्षा, देश की गरिमा और भारतीय सीमा को कड़ी सुरक्षा देने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों को शतप्रतिशत मतदान करके राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने का कार्य करें।

# मतदान में भाग लेकर जिम्मेवार नागरिक होने का परिचय दें : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को तोरपा प्रखंड परिसर में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने क्षेत्र का पारंपरिक वाद्य मांदर बजाकर मतदाताओं में ऊर्जा का संचार किया। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, म्यूजिकल चेयर, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, तोरपा प्रार्चा और प्रसिद्ध लोक गायक लक्ष्मीकांत नारायण बढ़ाईक ने गीत के माध्यम से मतदाताओं से वोटिंग अपील की। बताया गया कि मतदान तिथि 13 मई है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सभी युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकार कुमुद कुमार झा़ा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो के नामांकन रैली में उमड़ी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** जेबीकेएसएस समर्थित रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो के नामांकन रैली में शामिल होने अनगड़ा प्रखंड से सैकड़ों समर्थक रांची पहुंचे थे। लेकिन देवेन्द्र की गिरफ्तारी हो जाने की सूचना पर वे भारी मन से वापस लौटे. जेबीकेएसएस खिजरी विधानसभा संयोजक फलिन्द्र करमाली व जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बाजे गाजे के साथ रांची पहुंचे थे. मौके पर सूरज नारायण महतो, कार्तिक महतो, रामपोदो महतो, बालेश्वर बेदिया, सुमित महतो, सुरेश, गोविन्द, महेंद्र, मिकी, अरविंद, गोपाल, हेमन्त, त्रिभुवन, लखीराम, लखींद्र, महेंद्र, जुगनू, राजगीर, मोतीलाल पाहन, शशि महतो, मोहर, कृष्णा, दुर्गा, मोहन बड़ाइक, मनोज, राजेश बैठा, साहेबराम, प्रदीप, दिलीप, जुगेश मुंडा, निवेदिता, मोहरी, सरजीत तिर्की, सुनील, मनोज मुंडा, विजय, राजेश, राधेश्याम, बाबूलाल, दिनेश, विनोद करमाली, जीतेश, अनिल, चंदन, पवन, सुधांशु, मंटू सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रखण्ड में गहराया पेयजल संकट, बाजारों में पसरा सन्नाटा, लोग घरों में हुए कैद

- पारा पहुंचा 42 के पार, इंसान तो क्या बेजुबान पशु भी बेहाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** जैसे-जैसे सियासी पारा चढ़ता जा रहा है वैसे वैसे गरमी भी बढ़ती जा रही है। रांची में गरमी से पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। आसमान से आग बरस रहा है। धरती झुलस रही है. नदी व तालाबों का पानी सूख गया है. कुएं का जल स्तर भी काफी नीचे चला गया है। शहर के चापाकल हांफने लगे हैं। कई बार पंप करने के बाद पानी निकल रहा है. लोग अब सिर्फ सुबह और शाम ही बाजारों में निकल पा रहे है। इंसान तो क्या बेजुबान पशु भी बेहाल हैं. अप्रैल में यह हाल है तो मई में क्या होगा, यह सोच कर लोग परेशान हैं।




**क्या कहते हैं चिकित्सक**

मेसरा हॉस्पिटल के निर्देशक जावेद अख्तर ने कहा कि इन दिनों काफी गर्मी पड़ रही है. ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। इन दिनों लू लगने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलना चाहिए. जब भी घर से बाहर निकलें धूप से बचने के लिए सिर व चेहरे पर गमछा लपेट लें या फिर छाता ले कर निकले. खाली पेट बाहर कभी नहीं निकले, गर्मी में हमेशा सादा भोजन करना चाहिए, मसालेदार भोजन से बचना चाहिए, ठंडे फलों व हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

**सड़कों में पसरी है वीरानी**

पड़ रही प्रचंड गर्मी और धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुहाल हो गया है। सुबह के नौ-दस बजते ही गरम हवाएं चल रही है। यही कारण है कि शहर की सड़कें सुबह के दस बजे के बाद वीरान हो जा रही है। हालांकि दुकानें खुली रहती है लेकिन उसमें ग्राहक नदारद रहते है। बहुत जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। प्रखण्ड क्षेत्र के आसपास के प्रमुख ब्लॉक चौक, ईरबा चौक, विकास मोड़ व बीआईटी मेसरा चौक आदि इलाकों में भी दोपहर में वीरानी छायी रहती है।

# जेडी नेशनल बीएड कॉलेज में नयी शिक्षा नीति पर कार्यशाला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** 'नयी शिक्षा नीति के संदर्भ में वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन का वैश्विक प्रभाव' विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन शनिवार को जेडी नेशनल बीएड कॉलेज में शुरू हुआ। मौके पर विशेषज्ञों ने नए बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. कहा कि नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करना है। इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है। रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि एनईपी से आमुलचुल परिवर्तन आयेगा, युवाओं के हाथ में अब सिर्फ डिग्री नहीं योग्यता व अनुभव भी होगा। मौके पर डॉ ऋषिकेश सेनापति, डॉ अमुल्य कुमार, डॉ आनंद मोय, डॉ गायत्री कुमारी, स्मृति कटियार, जेडी सिंह, डॉ अमिताभ सिंह, प्रियंका जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन कांके विधानसभा के नेताओं की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** शनिवार को इंडिया गठबंधन कांके विधानसभा के नेताओं की बैठक मक्का में सम्पन्न हुई। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के कांके प्रभारी श्री सुरेश बैठा उपस्थित हुए। निर्णय हुआ की 6 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशास्विनी सहाय के नामांकन में अधिक संख्या में भाग लेना है,साथ ही कांके विधानसभा से इंडिया गठबन्धनप्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया ।सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेता शमीम बड़ेहार ने कहा कि 19 सालों के बाद झारखंड में जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पूरे राज्य में संपूर्ण वृद्धो को वृद्धा पेंशन दिया, संपूर्ण गरीबों को राशन कार्ड दिया, और अब झारखंड सरकार संपूर्ण गरीबों को अबुआ आवास देने का संकल्प लिया है। लेकीन ऐसे मुख्यमंत्री जेल भेज दिया गया है ।मनमोहन सरकार के समय में समाज की अंतिम व्यक्ति को जॉब कार्ड बनवाकर काम नहीं मिलने पर भी 100 दिन का हाजिरी देने का प्रावधान किया गया था ।जबकि मोदी जी के नेतृत्व में बने भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति की सबसे जरूरी चीज आटा ,चावल ,दूध, जूता, कपड़ा, दवा, किताब ,कॉपी, सभी वस्तुओं में जीएसटी लगाकर गरीबों को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया ।बैठक की अध्यक्षता बलराम साहू,संचालन शमीम बाड़े हार,भुनेश्वर साहू ने किया। जबकि सदन कुमार साहू ,मदन गंझू,अनीता देवी, साहबान अंसारी, तुलसी मुंडा ,तस्लीम अंसारी, वसंत गंझू, पनेस्वर लोहार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## जन जन की यही पुकार, सांसद बनेंगे जेपी भाई इस बार : संतोष सोनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** शनिवार को गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में पंचायत के बीएलए एवं वरिष्ठ पदाधिकारी के बीच एक आवश्यक बैठक रखी गई।

इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओ एवं नेताओ के बीच विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश सचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो, वरिष्ठ कांग्रेसी कमाल शहजादा, अमित महतो, राम विनय महतो, जाकिर अख्तर, अजीत करमाली, लखेश्वर कुमार, कालेश्वर बेदिया, गुलाम सरवर, प्रदीप महतो, मनीष चिंगारी, मनोज कुमार, रामप्रसाद, मजहर अंसारी, मंटू महतो, तुलसीदास महतो, सफीक अंसारी, देवलाल महतो, तस्लीम अंसारी, ज्ञानी मुंडा, करो मुंडा, मनोज कोटवार, भोला लोटन संतोष करमाली रामदेव सुरेश रविदास अशोक मिहीराम मंगल महतो सुधीर दास बाबा आशुतोष पांडे दशरथ गुप्ता हरि भजन करमाली पिंगला दीपक शर्मा सहित कई लोग शामिल होंगे।

## सीसीएल के नये सीएमडी ने किया बरका–सयाल प्रक्षेत्र का दौरान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह शनिवार को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र का दौरा किया। सीएमडी के बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे पर महाप्रबंधक अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही सीएमडी और महाप्रबंधक ने प्रक्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारी उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना, नवनिर्मित साइलो प्रोजेक्ट, सयाल डी कोलियरी पहुंचे। जहां सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी दिए। वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिए। सीएमडी स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए और समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान भरोसा भी दिलाया। यहां से सीएमडी बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय लौटे। जहां उन्होंने प्रक्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अजय सिंह, एसोएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार, बिरसा पीओ डी. शिवादास सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा में 'शिक्षक एवं प्रशिक्षु विनिमय कार्यक्रम' का हुआ आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा(लारी) में 02 मई से 04 मई तक ऱशिक्षक एवं प्रशिक्षु विनिमय कार्यक्रमऱ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग रामगढ़ के सहायक प्रध्यापक श्रीधर मुंडा, रतन शर्मा, डॉ.अंजली कुमारी, सुधा सिंह एवं प्रशिक्षुओं का आगमन डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुआ। द्वितीय चरण में डॉ. एस.राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक अध्यापक डॉ.अशोक राम, मो. परवेज अख्तर के नेतृत्व में महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हुहुआ में कक्षा का आयोजन, पुस्तकालय भ्रमण, प्रयोगशाला भ्रमण तथा बहुद्देश्यीय सभागार में धन्यवाद ज्ञापन तथा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 04 मई को महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तरफ से सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष नीलकमल सिन्हा, राहुल सिंह एवं चंचला कुमारी तथा प्रशिक्षुओं का आगमन, कक्षा संचालन, पुस्तकालय भ्रमण तथा प्रयोगशाला सह प्रदर्शन महाविद्यालय में किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवकुमार राणा, बी.एड.के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, संजु रंजना होरो, डॉ. अशोक राम एवं डी.एल.एड. के प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, डॉ. राजेश महतो, बाबुचंद प्रसाद तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, उमेश कुमार, पवन कुमार, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित बी.एड. एवं डी.एल.एड.के सभी प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

# सिकिदिरी थाना क्षेत्र में नहीं रुक रहा जंगली हाथियों का आतंक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिकिदिरी थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। शुक्रवार की देर रात कूच्चू पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय माईलडीह गांव में जंगली हाथियों ने स्कूल दरवाजा तोड़कर स्कूल के कमरा में रखा चावल, दाल, आलू को चट कर गया। स्कूल के टेबल बेंच को भी तोड़ डाला है। स्कूल के प्राध्यापक सोमरा बेदिया व उपेंद्र बेदिया ने बताया कि शुक्रवार शाम से ही जंगली हाथिओ का झुंड गांव में प्रवेश कर गया था। रात भर गांव के लोग दहशत में रहे। दो बजे रात को जंगली हाथियों में से एक छोटा हाथी कमरा का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया। बच्चों का रखा चावल दाल आलू को चट कर गया। इधर ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी शाम तक माईलडीह गांव नही पहुचे न ही स्कूल के बर्बाद हुए समानों का आंकलन किया जिससे वन विभाग के अधिकारियो के खिलाफ गुस्सा फुट पडा है ।न ही देखा और न ही हाथिओं को भगाने के लिए फटाखे दिए। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रो मे जंगली हाथियों के आतंक से परेशान है. हाथियों के दहशत से ग्रामीण शाम होते ही लोग घर में दुबक जाते हैं। ग्रामीण वन विभाग से हाथी भगाने व हाथी से बचाव के लिए सर्च टावर की मांग किया है। कृच्चू पंचायत के मुखिया सहदेव बेदिया समाज सेवी बालेश्वर बेदिया ने बताया कि वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। अगर जल्द से जल्द हाथिओ को क्षेत्र से नहीं भगाया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर अनगड़ा हुंडरू मार्ग को जाम कर दिया जायेगा।

## 400 पार का नारा भूलकर अब हिंदू और मुसलमान कर रहे हैं प्रधानमंत्री : सुप्रियो भट्टाचार्य




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन और उनके बयानों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने तीन चुनावी सभाएं कीं। सभी में एक समान बात दिखाई पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री के भाषण में अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था। लेकिन दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद प्रधानमंत्री 400 पार के नारे का भूल गये हैं और उनका विषय बदल गया है। अब वह आरक्षण और हिंदू-मुसलमान पर अधिक फोकस कर रहे हैं। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार देश में सभी दलों को मान्यता दी गयी। इसमें साफ-साफ कहा गया कि राजनीतिक दल धर्म, संप्रदाय और जाति से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात करेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री आदिवासी और हिंदू- मुस्लिम की बात कर रहे हैं। इनको बांटने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले जब प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आगमन की सूचना मिली, तो उन्होंने उनसे कुछ सवाल किये थे। निवेदन किया था कि झारखंड आने पर वे इन सवालों के जवाब दें। लेकिन प्रधानमंत्री हमारे सवालों को भूल गये।

## ज्ञान महिला समिति ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रामगढ़ :** ज्ञान महिला समिति के द्वारा वार्ड नंबर तीन के सौदागर मुहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं को पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर 20 मई को लोकसभा महापर्व में मतदान करने की अपील की गई। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में गांव शहर टोला मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं को जिनका उम्र 80 पार है वैसी बुजुर्ग महिलाओं को चिन्हित कर पाव पूजन और फूलों की वर्षा कर मतदान को लेकर जागरुक किया जा रहा है। अभियान में दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

## बेड़ो जहानाबाज तालाब में डूबने से मनरेगा मजदूर की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के जहानाबाज गांव स्थित महुआ टिकरा तालाब में नहाने के क्रम में डूब जाने से इसी गांव के निवासी करीब 55 वर्षीय रामसेवक महतो की मौत हो गई। घटना शनिवार की पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर सैकड़ों ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे। साथ ही घटना की जानकारी सीओ प्रताप मिंज, थाना प्रभारी नकुल साह और मुखिया लक्ष्मी कोया को दिया। वहीं इसकी सूचना मिलते ही मुखिया लक्ष्मी कोया व बेड़ो थाना के एएसआई एल एम पाण्डेय सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बेड़ो पुलिस के सहयोग से मृतक के शव को तालाब से बाहर



निकाला। साथ ही पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक रामसेवक महतो मनरेगा से जुड़ा घर इकलौता कमानेवाला वाला मजदूर था। उसकी मौत के बाद घर पर रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। मृतक के छोटे पुत्र बबलू महतो ने बताया कि उसके पिता रामसेवक महतो नहाने के लिए तालाब आए थे। इसी क्रम में यह घटना हुई।

## एक झलक

### एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह पूर्वक आयोजित




**रांची** : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार 2024 को वरुथिनी एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, रजनीगन्धा, जरबेरा, गुलदाऊदी, बेला, गैंदा से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीयां, अमित जालान, प्रदीप अग्रवाल, अरुण धानुका, विकाश पाड़िया, अनुराग पोद्दार, सुदर्शन चितलांगिया, विवेक ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल का विशेष सहयोग रहा।

### देश के संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करें : सगीर अंसारी



**रांची** : बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है,वह सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम और मन्दिर- मस्जिद करके सत्ता पर बने रहना चाहती है। महंगाई और बेरोजगारी पर बीजेपी नेताओं की मुँह नहीं खुल रही है। इसका जवाब जनता अपने वोट से देगी। आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है। इस संकट से देश को बचाने के लिए बीजेपी का सफाया जरूरी है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी मो० सगीर अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में मोदी के खिलाफ लहर चल रही है। झारखण्ड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल भारी अंतर के साथ जीत दर्ज करेंगे। कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल को जीत दिलाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता व नेता तन मन धन से लगे हुए हैं। जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक-एक मतदाताओं से कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, सीपीएम,सीपीआई माले के कार्यकर्ता मतदाताओ से संपर्क करने में लगे हुए हैं और युद्ध स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जारहा है। सगीर अंसारी ने कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना अति आवश्यक है।

### इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी में नये बैच का फ्रेशर्स 'आगाज' 2024 का आयोजन



**रांची** : इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी में नये बैच का फ्रेशर्स 'आगाज' 2024 का आयोजन किया गया। इस समारोह में मिस्टर फ्रेशर्स राज सिन्हा तथा मिस फ्रेशर्स रिया शर्मा को चुना गया। यह समारोह बड़े धूम धाम से आईएलएस के अपने सभागार सभा में मनाया गया जिस में इंस्ट्यूट के डॉयरेक्टर प्रो.एस एन मिश्र , संयोजक प्रो. नीतीश राज, डॉ. मो जाकिर, डॉ.हैप्पी भाटिया, डॉ. प्रिंस पांडे, अजय राज, अंगिका जायसवाल मैडम, रिमझिम मैडम, सुरभि मैडम, बिमल सर, अजीत सर, निशिकांत सर आदि अन्य सभी शिक्षक गण व छात्र उपस्थित थे। छात्रों ने कई अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगाया व खूब मनोरंजन किया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

# ग्रामीणों से संवाद कर की वोटिंग करने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को 12- लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रांची जिले के उप विकास आयुक्त, मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि साथ थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुड़गुड़जाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। वहीं बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। वहीं निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरूकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की।



**बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर भी पहुंचे सीईओ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रांची के उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव आज, तैयारियां पूरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गो माता सेवा समिति रांची के तत्वाधान में सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण जी का गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव 5 मई को बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय पूर्वक मनाया जाएगा। गौ माता सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, महोत्सव संयोजक अशोक गाड़ोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव महोत्सव 5 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महोत्सव का शुभारंभ 5 मई को सुबह 9 बजे श्री गणेश जी के आवाह्न एवं भगवान के पूजन के साथ किया जाएगा। भगवान का विग्रह एवं मंदिर परिसर को सुगंधित फूलों से नयनाभिराम अलौकिक अनुपम श्रृंगार किया जाएगा। तत्पश्चात श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर फल,मेवा एवं मिठाई का भोग अर्पित किया जाएगा। एवं महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर, श्री हनुमान मंडल सहित कई भजन गायको द्वारा अपनी सुमधुर भजनों से भगवान के श्री चरणों में अर्पित करेंगे। अपराह्न 12:30 बजे से महाप्रसाद भोग भंडारा का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि सभी कार्यक्रमों की अमृतबेला में उपस्थित होकर भगवत कृपा पात्र होने का सौभाग्य प्राप्त करें।

## डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू** : झालसा के निर्देश पर डोर-टू-डोर कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय, पाली, रातू, रांची एवं ग्रामीण इलाकों में किया गया। नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत जनजातीय अधिकारों पर फोकस की गयी। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनया, पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, बरखा देवी, पम्मी देवी, रेणु देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित हुये। एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनया ने आधिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें।



उन्होंने कहा कि मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है। ज्ञात हो कि दिनांक 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जा रहा है। दिनांक 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है। यह भी ज्ञात हो कि 13 जूलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया।

## राजद झारखंड स्टार प्रचारक में 38 लोग शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयोग से आए झारखण्ड में 38 स्टार प्रचारकों का लिस्ट जारी कर बताया कि सभी लोग राजद सहित इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से बिहार सरकार में प्रतिपक्ष के नेता (1) तेजस्वी प्र यादव (2) तेज प्रताप यादव (3) अब्दुल बारी सिद्दीकी (4) मनोज झा (5) श्याम रजक (6) भोला प्र यादव (7) जयप्रकाश नारायण यादव (8) उदय नारायण चौधरी (9) इसराइल मंसूरी (10) सत्यानंद भोक्ता (11) संजय कु सिंह यादव (12) गौतम सागर राणा (13) सुरेश पासवान (14) संजय प्र यादव (15) मो नेहालुद्दीन (16) स्वीटी सीमा हेंब्रम (17) श्रीमती अनीता देवी (18) फैयाज अहमद (19) श्यानदास सिंह (20) कैलाश यादव (21) मनोज कु (22) अर्जुन यादव (23) आबिद अली (24) मो.कारी सोएब (25) समता देवी (26) अभय कु सिंह (27) अनीता यादव (28) रंजन कु यादव (29) जमरूद्दीन अंसारी (30) नरेश सिंह (31) मनोज पांडेय (32) चंद्रिका यादव (33) रानी कुमारी (34) विजय राम (35) गिरधारी गोप (36) सुरेश पासवान-देव (37) लक्ष्मण यादव (38) घनश्याम चौधरी हैं। कैलाश यादव ने बताया कि लिस्ट में शामिल सभी लोगो को मुख्य चुनाव आयोग से आए स्टार प्रचारक का अनुमति कार्ड वितरण कर दिया गया है। यादव ने कहा कि स्टार प्रचारक के लिस्ट में कुछ और लोगो का विस्तार संभव है।

## साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के युवा क्रिकेटरों के बीच रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शनिवार को रिलेशंस कि ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों को रक्षा के लिए मोराबादी मैदान ऑक्सीजन पार्क स्थित साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के युवा क्रिकेटरों के बीचऱ पक्षी बचाओ अभियानऱ चलाया गया। इसमें भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर युवा क्रिकेटरों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बाटे गए।साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी अनुज वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे,रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी,आनंद शाही, पिंकी शाही, अपूर्व शाही समेत साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के मुख्य कोच माणिक घोष के अलावे सैंकड़ो युवा क्रिकेटर उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

## सीसीएल की सतर्कता टीम ने किया खदानों का औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) सीसीएल पंकज कुमार के नेतृत्व में सतर्कता विभाग पारदर्शिता एवं निवारक सतर्कता के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इसी क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा गठित टीम ने आम्रपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रजरप्पा प्रोजेक्ट में औचक जांच की गई । किसी भी विसंगति की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को तुरंत लागू करने हेतु इन दोनों परियोजनाओं की गहन जाँच की गई। यह पहल कोयला खनन क्षेत्र के भीतर अखंडता और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में सीसीएल के सक्रिय प्रयास को दर्शाती है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खनन कार्यों के भीतर नियमों और नैतिक मानकों के पालन सुनिश्चित कराना है। एमओसी, सीवीओ सीआईएल और सीवीओ सीसीएल की देखरेख में सतर्कता टीम ने सीएमपीडीआई, सीसीएल मुख्यालय और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ स्टॉक, वे-ब्रिज, रेलवे साइडिंग और डिजिटल टूल्स के प्रयोग एवं दक्षता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया।

## कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है, भाजपा विकास की राजनीति : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सांसद संजय सेठ ने आज रांची के ठाकुर ठाकुरगांव के बेतागी लावागढा, बुतरू, क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर संसद सेठ ने कहा जब देश में विपत्ति पड़ी कोरोना कल में कांग्रेस के कार्यकर्ता कहां थे। भाजपा सेवा करने के लिए राजनीति करती है। परंतु कांग्रेस तुस्टिकारण की राजनीति के लिए राजनीति करती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे किसी भी क्षेत्र में हो अपनी सेवा हर मुश्किल घड़ी में देने के लिए तैयार रहती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लोगों के हर सुख दुख में खड़ी रहती है यही भाजपा परिवार है यह सब प्रेरणा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम सभी कार्यकताओं को प्राप्त होता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, किसान, युवा ,और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया आज गरीब कल्याण योजना के तहत विगत 4 सालों से और आने वाले 5 सालों तक प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त में 5 किलो अनाज की व्यवस्था सुनिश्चित की ,आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज ,गैस सिलेंडर चूल्हा हो या जनधन खाता किसानों को 1 साल में 6000। वही झारखंड में रघुवर दास की जब सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ ?5000 अतिरिक्त दिया जाता था लेकिन जब कांग्रेस और झामुमो की सरकार आई तो सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव गरीब किसानों की चिंता करते हैं वहीं कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लुटा देश को लुटा सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था।

## अस्थाई घड़े के ठंडे पानी के प्याऊ का विधिवत उद्घाटन

**रांची** : मैकी रोड स्थित लालजी एनक्लेव में झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के ऑफिस कार्यालय के पार्किंग स्थल मेन गेट में आज अस्थाई घड़े के ठंडे पानी के प्याऊ का विधिवत उद्घाटन आज दोपहर 1:30 बजे विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत ने इसका उद्घाटन किया। संघ के मानद सचिव प्रमोद सारस्वत ने बताया कि उपरोक्त ठंडे शुद्ध घड़े का जल यहां से आने जाने वाले लोगों को इस गर्मी के अवसर पर प्यास बुझायेगा। आसपास में रहने वाले छोटे दुकानदार, सब्जी मंडी के दुकानदार, रिक्शा चालक, ठेला चालक सहित मजदूर श्रमिक व दूर दराज से आने वाले महिलाएं और बच्चे इसका लाभ ले सकेंगे।

## 110वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में हुआ सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 110वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में एवं संतोष देवी फोगला कमल ईशा फोगला विमल खुशबू फोगला एवम परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमान फोगला परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की । भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को फोगला परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यो को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार के संतोष देवी फोगला कमल ईशा विमल खुशबू हर्षित तृषा आरोही जीविशा फोगला रैना वेदिका बजाज ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। 110 वे श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई। खाटू नरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। आज के श्री श्याम भंडारे में पालक पुड़ी आलू कद्दू परवल मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी आमरस का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया पूर्व सांसद अजय मारू अनिल नारनोली वेद भूषण जैन पप्पू रंजना जैन अभिषेक सरावगी कौशल चौधरी रतन शर्मा अनुज मोदी अमित सरावगी कमलेश सावा अंकित सिंह मनोज खेतावत उपेंद्र पांडे मनीष वर्मा श्याम सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।



## रांची संसदीय क्षेत्र से 07 अभ्यर्थियों दाखिल किया नामांकन









**रांची संसदीय क्षेत्र से अब तक 17 अभ्यर्थी कर चुके हैं नामांकन**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज दिनांक 04 मई 2024 को 07 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

**नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं :**

1. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी।
2. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा।
3. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
4. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
5. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
6. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
7. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल।

निर्दलीय अभ्यर्थी देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों द्वारा दाखिल किया गया।

## बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**रांची** : झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में शनिवार को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है। बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है। विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। इसके अलावा झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सिमडेगा राकेश लकड़ा, सेतेंग सामुएल टोपनो और नारायण मांझी के खिलाफ कारण पृच्छा पत्र जारी किया गया है। इन तीनों पर आरोप है कि बसंत लोंगा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर पार्टी कार्यकताओं को दिग्भ्रमित किया।

## एक्सआईएसएस के 63वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 247 छात्र ग्रेजुएट हुए



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, देश के प्रमुख बी-स्कूलों में से एक, ने शनिवार को संस्थान परिसर में अपना 63वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। चार कार्यक्रमों के 247 छात्र, जिनमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के 75 छात्र, रूरल मैनेजमेंट के 55 छात्र, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 58 छात्र,और मार्केटिंग मैनेजमेंट के 59 छात्र शामिल हैं समारोह के दौरान स्नातक हुए। सभी कार्यक्रमों में से 22 छात्रों को शीर्ष रैंक धारक घोषित किया गया और उनमें 11 स्वर्ण, 07 रजत और 04 कांस्य पदक वितरित किए गए। इसके साथ ही 06 छात्रों के बीच 1,72,000 रुपये के नकद पुरस्कार का वितरण भी किया गया। इस बीच, 24 छात्रों को 7.2 लाख रुपये की संस्थागत छात्रवृत्ति से भी सम्मानित किया गया, जिनमें फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के छात्रों के समग्र प्रदर्शन के लिए शामिल है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, राजीव दुबे, चेयरमैन, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड (एमएफसीडब्ल्यूएल), महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड (एमआईबीएल), महिंद्रा स्टील सर्विस सेंटर लिमिटेड (एमएसएससीएल), महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड (एमएफसीडब्ल्यूएल) और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, जिनेवा के गवर्निंग बॉडी के सदस्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### आजसू यूथ विंग चुनाव के लिए तैयार है : सदानंद महतो

**तोपचांची (धनबाद)** : तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में शनिवार को आजसू पार्टी के यूथ विंग की बैठक साहूबहियार में किया गया। इसमें दुमदुमी, तोपचांची, तांतरी, चितरपुर, रामाकुंडा, चैता, घुनघुसा, खेसमी, कोरकोटा तथा वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड कमेटी के लोग मौजूद थे। इस बैठक की अध्यक्षता सरयू प्रसाद महतो व संचालन विशाल महतो ने किया।वहीं आजसू पार्टी जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि आजसू यूथ विंग चुनाव को लेकर पूर्ण रूप से तैयार हैं और यूथ विंग से तोपचांची प्रखंड से हजारों हजार लोग नामांकन में बोकारो के लिए पहुंचेंगे। इस अवसर पर अमर भारती, अमर धीवर, विनय दास, नारायण रजवार, महेश दास मनोज मोहाली, सोनू महतो ओमप्रकाश महतो, गणेश मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री रागिनी सिंह शामिल हुई श्रद्धांजलि कार्यक्रम में

**झरिया (धनबाद)**: भाजपा के पूर्व बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष स्व: अनिल सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर शनिवार को रागिनी सिंह उनके बस्ताकोला स्थित आवास पहुंची, एवं उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सिन्दरी में कई स्थानों पर जमसं ने शुरू की जल सेवा

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद)** : जनता मजदूर संघ बच्चा गुट सिंदरी नगर के सचिव वेद प्रकाश ओझा शनिवार को सिंदरी में राहगीरों के लिए जल सेवा शुरू की। उनके द्वारा रोहड़ाबांध, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जय हिन्द मोड़, और आईटीआई मोड़ बलियापुर में पानी की व्यवस्था किया गया है। इस दौरान वेद प्रकाश ओझा ने कहा कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए जल सेवा शुरू की गई है, आने जाने वाले राहगीरों का प्यास बुझ सके इसलिए जगह-जगह जल सेवा शुरू की गई। इस मौके पर पप्पू सिंह, दीपक गिरी, संतोष सिंह, धनंजय हेंब्रम, अमित महतो, राजेश कुमार, सोनू ठाकुर, मोनू कुमार, अंशु सिंह उपस्थित थे।

### गुम हुई विवाहिता, खोजबीन में जुटी पुलिस

**पाथरडीह (धनबाद)** : पाथरडीह मोहन बाजार से एक विवाहित के अपने साढ़े चार साल के बच्चे को लेकर प्रेमी के संग गुम हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के पति अमित कुमार के लिखित शिकायत पर सुदामडीह पुलिस ने गुमसुदगी का एक मामला दर्ज कर छानबीन करने में जुटी हुई है। बताते हैं कि पाथरडीह मोहन बाजार निवासी अमित कुमार कि पत्नी काल्पनिक नाम (ममता देवी) ने बुधवार को सुबह घर से अपने साढ़े चार साल के बच्चे को लेकर स्कूल पहुचाने के बहाने निकली थी पर फिर घर लौट कर नहीं आयी। पति द्वारा अपने पत्नी को काफी खोजबीन करने के बाद जब कोई पता नहीं चला तो बुधबार की देर शाम सुदामडीह थाना जाकर लिखित शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार ममता प्रतिदिन अपने बच्चे को स्कूल पहुंचाने और स्कूल से लाने स्वयं जाती थी। परन्तु उस दिन गई तो फिर लौट कर घर नहीं आई। पति ने भी सुदामडीह थाने में किसी अज्ञात व्यक्ति पर भगाकर ले जाने का मौखिक संकेत जाहिर किया है।

# लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग (मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर) के साथ

**चुनाव**

विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें।

वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए उपायुक्त ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, शेड, रैप,




शौचालय सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी से सुबह जल्दी से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट करने का आह्वान किया। बैठक में फेडरेशन ऑफ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री चेतन गोयनका ने कहा कि जिले के सभी 56 चैंबर ऑफ कॉमर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का साथ देंगे और स्वीप एक्टिविटी चलाएंगे। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, सहायक श्रमायुक्त श्री रंजीत कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम श्री शैलेश रंजन, डीएसडब्ल्यूओ श्रीमती अनिता कुजूर, डीपीआरओ श्री सुनिल कुमार सिंह, फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री चेतन गोयनका, महासचिव श्री अजय नारायण लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, श्री प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास पटवारी, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के श्री प्रदीप सिंह, श्री संदीप मुखर्जी, जीतेन्द्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर, श्री प्रमोद कुमार यादव सहित विभिन्न चेंबर के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएसपी ने बलियापुर स्थित वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से की वार्ता

**धनबाद** : शनिवार 04 मई को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एच पी जनार्दनन ने आज बलियापुर क्षेत्र अंतर्गत सुरंगा पंचायत स्थित बूथ नंबर 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएसपी ने वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस वर्ष पर्व की तरह इस चुनाव को मनाए, सपरिवार सभी लोग मतदान करें एवं लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर से बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

# ढुल्लू व रागिनी सिंह ने झरिया में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : धनबाद संसदीय क्षेत्र में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर प्रत्याशियों द्वारा चलाया जा रहा सघन जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ताकोला इंडस्ट्री बस्ती, बनियाहिर, झरिया पोद्दार पाड़ा, रामचंद्र दल में जनसंपर्क अभियान के तहत नुक्कड़ सभा करके लोगों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 10 साल में गरीबों, मजदूर, किसान के लिए कई जन कल्याणकारी योजना लाएं, मसलन उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त अनाज योजना सहित कई योजनाएं शामिल है। मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने जनता से अपील किया कि झरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ को मजबूत करें। उन्होंने मौके पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाई गई केंद्र की विभिन्न योजनाओं से हो रहे लाभ पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो व रागिनी सिंह ने झरिया विधान सभा क्षेत्र में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान इस दौरान भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, योगेंद्र यादव, राजकुमार अग्रवाल, शैलेश सिंह चंद्रवंशी तथा ललन चौबे सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जायेगी : ढुल्लू महतो

**झरिया (धनबाद)** : शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। वही नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। प्रत्याशी श्री महतो ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, ऐना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया।

### कमल छाप पर वोट देकर मोदी जी के हाथों को करें मजबूत : ढुल्लू महतो

**झरिया (धनबाद)** : झरिया स्थित रामचंद्र दल में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि सतर वर्षो से देश में कॉग्रेस का शासन रहा लेकिन अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर नहीं बन सका। लेकिन राम मंदिर निर्माण भाजपा के एजेंडा और घोषणा पत्र में था की जब मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे तो प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर भी बनेगा और 2024 में बना भी। अपने लोगों से कमल छाप पर वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाने का अपील किया। वहीं, भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा की 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी साथ ही भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाएगी क्योंकि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने गारेंटी के साथ पूरा कर के दिखाया है। सभा की अध्यक्षता संजू वर्मा ने की।

## स्व. प्रकाश मिश्र के श्राद्धकर्म में अर्पित की गयी अश्रुपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शनिवार को धनबाद जिला के मिश्रडीह आसनबनी के प्रकाश स्तम्भ स्व:प्रकाश मिश्र श्राद्धकर्म में उपस्थित ब्राह्मण गण एवं मित्रगण ने उनके तैल चित्र पर अश्रुपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा। लोगों ने उनकी जीवनशैली पर भी प्रकाश डाला।मौके पर आर्ष परिषद कतरास के अध्यक्ष अरुण चन्द्र तिवारी,सम्पुर्ण विप्र समाज के संस्थापक अध्यक्ष,अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं सम्पुर्ण विप्र समाज के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सुरेश चन्द्र तिवारी, सम्पुर्ण विप्र समाज के प्रदेश संगठन महामंत्री मृणाल चौबे, सम्पुर्ण विप्र समाज के जिलाध्यक्ष तथा ब्राह्मणडीहा पैक्स अध्यक्ष गिरीजा शंकर उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष धुर्येटि प्रसाद दूबे, अक्षय दूबे, राजेश्वर द्विवेदी,राकेश तिवारी, गोविंद चौबे,केशव तिवारी, लखन लाल तिवारी, मिडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय, प्रेम कुमार तिवारी, उत्तम कुमार तिवारी आदी गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# डीसीएलआर ने किया आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ का निरीक्षण

**तैयारी**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) संतोष गुप्ता ने शनिवार को तोपचांची प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ भवरदाहा का निरीक्षण किया। साथ ही अन्य मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, सीएपीएफ क्लस्टर इत्यादि का भ्रमण सह निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय तोपचांची में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ बैठक कर निर्वाचन की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें सभी मतदान केंद्र पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने, सभी मतदान केंद्रों पर शीतल पेय जल की व्यवस्था करने, सभी बीएलओ के द्वारा अविलंब वोटर इन्फोर्मेशन स्लीप बांटे जाने, मतदाता सूची मार्किंग करने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए स्वीप अंतर्गत 7 मई को निर्धारित #MainBhiElectionAmbassdor कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा निर्धारित समय पर की गई गतिविधियों को सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करने, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित को टैग करने का भी निर्देश दिया गया।



### नामांकन करने पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री नागमणि गिरफ्तार

**चतरा** : लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय परिसर में जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। बसपा के टिकट पर नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को गिरफ्तार करने पहुंची सदर थाना पुलिस की टीम के साथ उनका जमकर बहस हुआ। नागमणि मीडिया को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने उन्हें रोका तो नागमणि थाना प्रभारी से ही उलझ गए और उन्हें कानून का पाठ पढाने लगे। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर थाना प्रभारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में हुई है।

# भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद लोकसभा चुनाव 25 मई 2024 को है। चुनावी महापर्व का शंखनाद हो चुका है। इस भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद प्रत्याशियों के हौसले काम नहीं हुआ हैं, हां यह बात अलग है कि अभी तक आम जनता की तरफ से कुछ विशेष संकेत नहीं दिया जा रहा है। धनबाद में अब तक स्थिति स्पष्ट हुई है उसके अनुसार भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने है जबकि मासस प्रत्याशी इस चुनावी जंग को त्रिकोणात्मक बनाने में जुटे हुए हैं। जिस ओर नजर घुमाये उसी ओर जिंदाबाद, विजयी भवः जैसे जयकारों से पूरा धनबाद शहर गुंजायमान हो रहा है। धनबाद लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो है। वहीं कांग्रेस से प्रत्याशी के रूप में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह है। वामपंथी दलों के तरफ देखा जाए तो मासस के तरफ से उम्मीदवार जगदीश रवानी है। अब देखना यह है कि सबसे अधिक वोट किसकी झोली में जाता है। लोकसभा चुनाव तो हर पांच वर्षों में एक बार आता है। मगर धनबाद की जनता को उनके द्वारा मांगा गया मांग आज तक पूरा नहीं हो पाया है। धनबाद में सबसे बड़ी परेशानी यहां एयरपोर्ट और एम्स का न होना हैं। आईआईटी आईएसएम जैसे संस्थान होने के बावजूद, पूरे देश में कोयला राजधानी के नाम से प्रसिद्ध धनबाद केवल एयरपोर्ट के वजह से पीछे है। आईआईटी आईएसएम में बाहरी विद्यार्थियों की रुचि केवल इसलिए घट गई है क्योंकि यहां एयरपोर्ट नही है। दूर से आने वाले विद्यार्थियों को आवागम में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। धनबाद की जनता का पुकार था की यहां एक एम्स अस्पताल हो, जिससे यहां के लोगों को रांची, पटना और अन्य जगहों पर जाकर प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती ना होना पड़े। मगर एम्स भी हम सभी से छीन कर गोड्डा चला गया। ऐसे में बड़े बड़े वादों को लेकर आने वाली पार्टियां पर जनता कैसे भरोसा करे।

हर पांच वर्षों में चुनाव के दौरान योजनाओं का बखान किया जाता है, लेकिन जितना कहा जाता है यदि उतना पूरा होता तो आज कोल राजधानी धनबाद की यह दुर्दशा न होती। धनबाद लोकसभा से कांटों का टक्कर सबसे अधिक भाजपा और कांग्रेस में देखने को मिल रहा हैं।

# इंडिया थेरेपी सेंटर ने चलाया सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जागृति अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शहर के जगजीवन नगर स्थित इंडिया थेरेपी सेंटर जो कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक वेलनेस के लिए सेवारत है। शनिवार 4 मई को धनबाद के विभिन्न ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में जागरूकता कैम्प लगाकर लोगों को जागृत किया। साथ हीं वहां के बच्चों को चिह्नित कर उनकी परेशानियों को न केवल समझा बल्कि उसके समाधान के उपाय भी बतायें। बताया गया कि जो बच्चे एकल परिवार में रह रहे हैं और अकेलापन से ग्रसित है डिप्रेशन के शिकार है उनकी काउंसलिंग कर निदान का उपाय बता कर इंडिया थेरेपी सेंटर की सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। साथ ही वहां के मतदाताओं को लोकतांत्रिक पर्व मतदान के लिए प्रेरित भी किया गया। इस केन्द्र का उद्देश्य सभी क्षेत्र के बच्चों को स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियो थैरेपी और काउंसलिंग प्राप्त कर बेहतर एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है।

### चतरा का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता : महेश बांडो

**चतरा** : चतरा संसदीय क्षेत्र आज भी विकास से कोसों दूर है, यहां के लोग समस्याओं से घिरे हुए हैं। आजादी के बाद से अबतक जितने भी सांसद यहां चुने गए सभी ने विकास करने के बजाय सिर्फ खुद का विकास किया है यही कारण है कि यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। यह कहना है चतरा सदर प्रखंड के दाढा गांव निवासी तथा बहुजन मुक्ति पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी महेश बांदो का। उन्होंने आगे कहा कि 21 वर्षो तक फौजी के रूप में देश के सेवा करने के बाद में वापस अपना गांव लौटा हूं। यहां के लोगों की समस्या को जब नजदीक से देखने का मुझे मौका मिला तो मैं काफी दुखी हो गया। उसी समय मैं निर्णय लिया कि इस क्षेत्र का बेटा बनकर लोगों की समस्याओं के दूर करने का काम करूंगा।

# पिस्टल-कारतूस के साथ अपराधी इमरान सहित दो अन्य गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर पुलिस ने खालसा होटल के पास मां शांति रेस्ट हाउस में छापामारी कर कुख्यात अपराधी इमरान के साथ 7.65 एम एम के पिस्टल, तीन जीवित कारतूस तथा चार एंड्राइड फोन के साथ उसके दो अन्य साथियों को हिरासत में लिया है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमरान का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में डकैती जैसी घटना में संलिप्तता का मुकदमा चल रहा है। जबकि उसके साथ पकड़े गए उसके दो अन्य साथी संजीव और जमशेद के खिलाफ अब तक कोई अपराधिक मामले सामने नहीं आये हैं। उनकी योजना धनबाद शहर के किसी क्षेत्र में किसी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम देने का था जिसका पहले ही उद्वेदन हो गया। सिटी एसपी ने बताया कि धनबाद पुलिस अभी भी इस मामले की छानबीन में लगी हुई है तथा उम्मीद है कि इसमें कुछ अन्य मामले भी उजागर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मामले की सफलता गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम की मदद से प्राप्त हुई है। विदित हो कि आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर इन दिनों प्रशासन क्षेत्र में विभिन्न और लोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चला रही है। इतना ही नहीं पिछले दिनों गोविंदपुर क्षेत्र में एक मछली व्यवसायी की हत्या के मामले को लेकर भी गोविंदपुर पुलिस सघन छापामारी चला रही थी। जिस दौरान यह सूचना सामने आई कि मां शांति रेस्ट हाउस में कुछ अपराधी घातक हथियार के साथ छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने एसआईटी का गठन करके उक्त रेस्ट हाउस में छापामारी की, जिसमें उसे यह सफलता मिली।

**कार्रवाई**

## पुलिस ने जब्त की दर्जनों बोतल अवैध शराब

**पाथरडीह (धनबाद)** : सुदामडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की शाम भौरा गौर खूंटी छपरा मोड़ के समीप एक अवैध शराब की दुकान में छापेमारी कर दर्जनों बोतल अवैध शराब जब्त किया है। वहीं, भनक मिलते ही छापामारी के दौरान दुकान मालिक धर्मेन्द्र साव फरार हो गया। पुलिस ने विदेशी आरसी व देशी शराब एवं गॉडफादर बियर को जब्त कर थाना लायी है। जिस पर अवैध शराब बिक्री करने का एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# मथुरा महतो के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मधुबन (धनबाद)** : आरजेडी के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने शनिवार को तेतुलिया में प्रेस वार्ता किया।
जिसमें झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, जेएमएम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू उपस्थित हुए।
प्रेस वार्ता में बताया कि 6 मई को मथुरा प्रसाद महतो का नामांकन है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में इंडि गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल होंगे।
मौके पर बबलू सिंह, प्रकाश यादव, सोनू शर्मा, राजा सिंह, भोला दास, दीपक शर्मा, विशाल यादव, पप्पू दुबे, गुड्डू भुईयां, जावेद अंसारी, आनंद यादव, राजू यादव, पटोला भुईया, सूरज शर्मा, विकी रवानी सहनवाज अंसारी इत्यादि के साथ सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## नामांकन में मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री स्वयं उपस्थित रहेंगे : मथुरा प्रसाद महतो

**बाघमारा (धनबाद)** : तेतुलमारी स्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा के टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि 6 मई होने वाले नामांकन की तैयारी चल रही है, कार्यकर्ता इस नामांकन में काफी उत्साहित हैं। लगभग हजारों की संख्या में जन सैलाब बाघमारा से बोकारो के लिए पहुंचेंगे। इस नामांकन में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और अन्य मंत्री स्वयं उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम भाषा की आवाज ही विधानसभा में उठाया था, अभी महामहिम राजपाल लौट नहीं है यदि लोकसभा में मौका मिला तो दिल्ली में भी आवाज जरूर उठाने का काम करूंगा, हमारे एयरलाइंस में अंदरुनी कोई मतभेद नहीं है सभी आपस में चर्चा करके ही आगे की रणनीति तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि 7 मई के बाद ही पता चलेगा कि बाघमारा की धरती पर कांग्रेस के कौन बड़े नेता आयेंगे।



## 06 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**धनबाद** : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष शनिवार को 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। शनिवार 4 में को कृष्ण चन्द्र सिंह राज, नारायण गिरी, परवेज नैय्यर, राजीव तिवारी, रियाजुल हक तथा कामेश्वर प्रसाद वर्मा ने नामांकन किया। नामांकन के अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# कमजोर है चंद्रमा, तो सोमवार को करें यह उपाय

**जिन** जातकों की कुंडली में चंद्रमा की स्थिति खराब है, तो उन जातकों को सोमवार के दिन जल में दूध मिला कर चंद्रदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इसके साथ ही चंद्रदेव के 108 नामों का जाप करना चाहिए। हिन्दू धर्म में सोमवार के दिन का विशेष महत्त्व माना जाता है। इस दिन भगवान शिव शंकर और चंद्रदेव की पूजा की जाती है। मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सोमवार के दिन भक्ति में लीन होकर पूजा करते हैं, उनको जल्द ही अद्भुत परिणाम देखने को मिलता है। बता दें कि जिन जातकों की कुंडली में चंद्रमा की स्थिति खराब है, तो उन जातकों को सोमवार के दिन जल में दूध मिला कर चंद्रदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इसके साथ ही चंद्रदेव के 108 नामों का जाप करना चाहिए। ये 108 नाम हैं...

**चंद्र देव के 108 नाम**

1. ॐ द्युतिलकाय नमः
2. ॐ द्विजराजाय नमः
3. ॐ ग्रहाधिपाय नमः
4. ॐ ग्रसितार्काय नमः
5. ॐ ग्रहमंडलमध्यस्थाय नमः
6. ॐ मेरुगोत्रप्रदक्षिणाय नमः
7. ॐ दांताय नमः
8. ॐ महेश्वरप्रियाय नमः
9. ॐ वसुसमृद्धिदाय नमः
10. ॐ विवस्वन्मंडलाग्नेयवासाय नमः
11. ॐ दिव्यवाहनाय नमः
12. ॐ चतुराय नमः
13. ॐ चतुरश्रासनारूढाय नमः
14. ॐ अव्ययाय नमः
15. ॐ कर्कटप्रभुवे नमः
16. ॐ करुणारससंपूर्णाय नमः
17. ॐ प्रियदायकाय नमः
18. ॐ अत्यंतविनयाय नमः
19. ॐ आत्रेयगोत्रजाय नमः
20. ॐ नयनाब्जसमुद्भवाय नमः
21. ॐ कुंदपुष्पोज्वलाकाराय नमः
22. ॐ धनुर्धराय नमः
23. ॐ दंडपाणये नमः
24. ॐ दशाश्वरथसंरूढाय नमः
25. ॐ श्व ?तगंधानुलेपनाय नमः
26. ॐ श्वेतमाल्यांबरधराय नमः
27. ॐ सितभूषणाय नमः
28. ॐ सितांगाय नमः
29. ॐ सितच्छत्रध्वजोपेताय नमः
30. ॐ सनकादिमुनिस्तुताय नमः
31. ॐ सर्वज्ञाय नमः
32. ॐ सर्वागमज्ञाय नमः
33. ॐ साधुवंदिताय नमः
34. ॐ स्ॐयजनकाय नमः
35. ॐ सकलार्तिहराय नमः
36. ॐ भुवनप्रतिपालकाय नमः
37. ॐ भव्याय नमः
38. ॐ भूच्छायाच्छादिताय नमः
39. ॐ निरामयाय नमः
40. ॐ निर्विकाराय नमः
41. ॐ निराहाराय नमः
42. ॐ निस्सपत्नाय नमः
43. ॐ जगदानंदकारणाय नमः
44. ॐ जगत्प्रकाशकिरणाय नमः
45. ॐ भवबंधविमोचनाय नमः
46. ॐ भक्तिगम्याय नमः
47. ॐ भायांतकृते नमः
48. ॐ सागरोद्भवाय नमः
49. ॐ सर्वरक्षकाय नमः
50. ॐ सामगानप्रियाय नमः
51. ॐ भक्तदारिर्द्यभंजनाय नमः
52. ॐ भद्राय नमः
53. ॐ मुक्तिदाय नमः
54. ॐ भुक्तिदाय नमः
55. ॐ मुक्तिदाय नमः
56. ॐ भक्तानामिष्टदायकाय नमः
57. ॐ सुरस्वामिने नमः
58. ॐ सुधामयाय नमः
59. ॐ जयफलप्रदाय नमः
60. ॐ जयिने नमः
61. ॐ शुभ्राय नमः
62. ॐ शुचये नमः
63. ॐ क्षयवृद्धिसमन्विताय नमः
64. ॐ क्षीणपापाय नमः
65. ॐ क्षपाकराय नमः
66. ॐ नित्यानुष्ठानदाय नमः
67. ॐ अमर्त्याय नमः
68. ॐ मृत्युसंहारकाय नमः
69. ॐ कामदायकाय नमः
70. ॐ कामकृताय नमः
71. ॐ कालहेतवे नमः
72. ॐ कळाधराय नमः
73. ॐ देवभोजनाय नमः
74. ॐ द्युचराय नमः
75. ॐ प्राकाशात्मने नमः
76. ॐ स्वप्राकाशाय नमः
77. ॐ अष्टदारुकुठारकाय नमः
78. ॐ अनंताय नमः
79. ॐ अष्टमूर्तिप्रियाय नमः
80. ॐ शिष्टपालकाय नमः
81. ॐ पुष्टिमते नमः
82. ॐ दुष्टदूराय नमः
83. ॐ दोषाकराय नमः
84. ॐ विदुषांपतये नमः
85. ॐ विश्वेशाय नमः
86. ॐ वीराय नमः
87. ॐ विकर्तनानुजाय नमः
88. ॐ ज्योतिश्चक्रप्रवर्तकाय नमः
89. ॐ जयोद्योगाय नमः
90. ॐ जितेंद्रियाय नमः
91. ॐ साधुपूजिताय नमः
92. ॐ सत्पतये नमः
93. ॐ सदाराध्याय नमः
94. ॐ सुधानिधये नमः
95. ॐ निशाकराय नमः
96. ॐ ताराधीशाय नमः
97. ॐ चंद्राय नमः
98. ॐ शशिधराय नमः
99. ॐ श्रीमते नमः
100. ॐ द्विभुजाय नमः
101. ॐ औदुंबरनागवासाय नमः
102. ॐ उदाराय नमः
103. ॐ रोहिणीपतये नमः
104. ॐ नित्योदयाय नमः
105. ॐ मुनिस्तुत्याय नमः
106. ॐ नित्यानंदफलप्रदाय नमः
107. ॐ सकलाह्लादनकराय नमः
108. ॐ पलाशसमिधप्रियाय नमः

## भगवान सूर्य को जल चढ़ाने से भाग्य का मिलता है साथ

**रविवार** का दिन सूर्यदेव को समर्पित होता है। वहीं, सूर्य देव को रोजाना जल चढ़ाने से आंख की रोशनी अच्छी होती है। सूर्य देव अपने भक्तों से प्रसन्न होकर उन्हें धन-धान्य, पुत्र, मित्र, यश और वैभव प्रदान करते हैं। हिन्दू धर्म में सूर्य को देवता का स्थान प्राप्त है। सूर्य के बिना धरती पर अंधकार छा जाता है। वहीं, सूर्यदेव को जल अर्पित करने के अनगिनत फायदे होते हैं। सूर्य को जल अर्पित करने से न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक लाभ प्राप्त होता है और आर्थिक उन्नति मिलती है। सूर्य अच्छी सेहत और जीवन शक्ति का भंडार है। बताया जाता है कि आप सूर्य के प्रभाव में जितना अधिक रहेंगे, आप उतना ही अधिक सेहतमंद रहेंगे। हालांकि, आजकल लोग सूर्य के प्रकाश को रोकने के लिए चारों तरफ से खिड़कियां-दरवाजे बंद रखते हैं। इसी वजह से शरीर में विटामिन-डी की कमी होती है और अन्य कई रोग हमें घेर लेते हैं। सूर्य के प्रकाश का और सूर्य को जल अर्पित करने का अपना धार्मिक और वैज्ञानिक महत्त्व है।

**वैज्ञानिक महत्त्व और लाभ** : विज्ञान के मुताबिक सूर्य को जल अर्पित करने के दौरान जब हम पानी की धाराओं में से सूर्य की तरफ देखते हैं, तो उससे निकलनेवाली 07 तरह की किरणें हमारी आंखों पर पड़ती हैं। इन किरणों से आंखों को लाभ मिलता है और आंख की रोशनी अच्छी होती है। साथ ही, आंखों का रंग भी नेचुरल बना रहता है। बता दें कि जो लोग रोजाना सूर्य को जल चढ़ाते हैं, उनको आंख सम्बन्धी रोग नहीं होते हैं। वहीं, सूर्य से विटामिन डी प्राप्त होता है, जो हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है।



**धार्मिक महत्त्व और लाभ** : अथर्ववेद के एक मंत्र के अनुसार, सूर्य औषधि बनाने में सहायक है। सूर्य विश्व में प्राण स्वरूप विद्यमान है और यह अपनी किरणों से जीवों के स्वास्थ्य को अच्छा रखता है। रविवार का दिन सूर्य को समर्पित होता है और भगवान सूर्य सप्तमी तिथि के देवता है। सूर्य देव को जल अर्पित करते समय 'ऊँ घृणि सूर्याय नमः' या 'ऊँ आदित्याय नमः' मंत्र का जाप करना चाहिए। सूर्य को भाग्य का कारक माना जाता है। जिन जातकों की कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होती है, उनके सरकारी कार्यों में रुकावट आती है औ? व्यापार सही नहीं चलता है। कार्यस्थल पर हमेशा उच्च पदाधिकारियों से अनबन होती रहती है।

**सूर्य को ऐसे करें मजबूत** : रोजाना सूर्य को जल अर्पित कर आप कुंडली में सूर्य की स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। इससे सूर्य देव प्रसन्न होकर अपने भक्तों के संकटों को हर लेते हैं। साथ ही, धन-धान्य, पुत्र, मित्र, आरोग्य, यश, तेज, कांति, विद्या, वैभव और सौभाग्य प्रदान करते हैं। सूर्य देव की विशेष कृपा पाने के लिए रोजाना जल अर्पित करने के साथ ही हर रविवार या फिर किसी भी महीने के शुक्ल पक्ष के रविवार को नदी या बहते जल में गुड़ और चावल प्रवाहित करने चाहिए।

## उफ ये गर्मी ! चिलचिलाती धूप और लू से बचायेंगी ये चीजें, पेट को पहुंचायेंगी ठंडक

**गर्मी** की मार से बचने के लिए और आपके शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ऐसे फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आपके शरीर को तुरंत ठंडक मिले। दरअसल, इस मौसम में गर्मी की मार से छुटकारा पाने के लिए ज्यादतर लोग आइसक्रीम और कोल्डड्रिंक्स पीना पसंद करते हैं। लेकिन, इन चीजों का सेवन आपकी सेहत के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। ऐसे में अपनी सेहत का बेहतरीन ख्याल रखने के लिए इन चीजों का सेवन करें, जिससे आपके शरीर को ठंडक मिलती है।



**गर्मियों में कौन-सी चीजों का सेवन करें ?**

**खीरा और ककड़ी** : खीरा और ककड़ी का सेवन इस मौसम में खूब किया जाता है। इसमें पानी की मात्रा ज्यादा होती है, इसलिए यह आपके शरीर को डिहाड्रेशन से बचाव करता है। खीरा और ककड़ी का सेवन आपके शरीर के साथ आपके पेट को भी ठंडा रखता है।

**दही** : गर्मियों में दही का सेवन आपके पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद कूलिंग एजेंट आपको गर्मियों की लू से बचाता है और आपका पाचन भी दुरुस्त रखता है। दही का सेवन आप कई रूप में कर सकते हैं। दही को आप खीरे के साथ रायता बना कर या फिर छाछ बना कर भी पी सकते हैं।





**तरबूज** : तरबूज में 96 प्रतिशत पानी पाया जाता है। इस फल का गर्मियों के मौसम में लोग जम कर सेवन करते हैं। यह फल आपकी बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाता है।आप इसका सेवन जूस के रूप में भी कर सकते हैं।

**टमाटर** : टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पायी जाती है। एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर यह फल गर्मियों में आपकी बॉडी को तुरंत हाइड्रटेड करता है। आप इसका सेवन कई तरीकों से कर सकते हैं।

**पुदीना** : पुदीना की पत्तियां एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हैं। गर्मियों के मौसम में इसका सेवन आपके पेट को तुरंत ठंडक पहुंचाती \ है। आप इसका सेवन डिटॉक्स वॉटर के रूप में कर सकते हैं।

**प्याज** : प्याज में शरीर को शीतलता पहुंचाने के बहुत से गुण होते हैं। किचन में पाये जानेवाले आम से प्याज के कई गुण हैं। यह आपको सनबर्न से बचाता है। लाल प्याज में क्वेरसेटिन की मात्रा अधिक होती है, जिसे प्राकृतिक एंटी-एलर्जेन माना जाता है।

## फरीदा ने 17 साल की उम्र में शुरू किया फिल्मी सफर

**एक्ट्रेस**

फरीदा जलाल ने 17 साल की उम्र में अपना फिल्मी सफर शुरू किया। एक्ट्रेस की पहली फिल्म तकदीर थी। फरीदा ने पर्दे पर हीरो की बहन, मां और दादी जैसे कई किरदार निभाए हैं। सूरज बड़जात्या के दादा ताराचंद बड़जात्या ने उन्हें रोल ऑफर किया था। कैसे उन्हें उनकी पहली भूमिका की पेशकश की गई, इसकी अपनी एक कहानी है, कुछ ऐसा जो शायद ही कलाकारों के साथ होता है। वह यूनाइटेड फिल्म प्रोड्यूसर्स टैलेंट हंट का हिस्सा थीं, जिसे उन्होंने जीता, जहां उनके को-फाइनलिस्ट हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना थे। जब काका और फरीदा को विजेता का ताज पहनाया जा रहा था, तब ताराचंद दर्शकों के बीच बैठे थे। यही वह समय था जब ताराचंद ने उन्हें अपनी फिल्म में गीता की भूमिका की पेशकश की। फरीदा ने सिनेमा में कई किरदार निभाए हैं, लेकिन उनके टाइपकास्ट होने का पहला फेज तब शुरू हुआ जब उन्हें गोपी में दिलीप कुमार की बहन की भूमिका की पेशकश की गई। एक्ट्रेस ने पहले इंटरव्यू में कहा था कि उन्होंने फिल्म में दिलीप कुमार की बहन की भूमिका निभाने का मौका इसलिए छोड़ दिया क्योंकि वह अभिनेता से प्यार करती थीं। इसके बाद उन्हें हीरो की बहन की कई भूमिकाएं मिलीं, जिसमें उन्होंने धर्मेंद्र, जीतेंद्र, मनोज कुमार, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों के साथ काम किया। हाल ही में उन्हें संजय लीला भंसाली की ओटीटी डेब्यू हीरामंडीः द डायमंड बाजार में कुदसिया बेगम की भूमिका निभाते हुए देखा गया है, जो ताहा शाह बादुशा के ताजदार, नवाब के किरदार की दादी हैं। उनका 57 साल का करियर उनकी प्रतिभा का प्रमाण है। उनकी हर एक परफॉर्मेंस शानदार रही है, जिसे लोग हमेशा याद रखते हैं।1990 के दशक में एक्ट्रेस ने मां के किरदार निभाने शुरू कर दिए। हिंदी सिनेमा की ऐतिहासिक फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, बिच्छू जैसी फिल्मों में उनके रोल्स को याद किया जाता है। एक्ट्रेस प्रतिष्ठित भारतीय सिटकॉम देख भाई देख और ड्रामा शो बालिका वधू का हिस्सा रही हैं।



**बात पते की**

## अपने पूर्ण प्राणोंपण से कार्य करते जायें...करते जायें... करते जायें



**राजीव थेपड़ा**

**जरा** कल्पना कीजिए कि आप कोई चार पहिया वाहन चला रहे हैं और आपके समक्ष अचानक कोई अन्य वाहन आता हुआ दिखाई देता है और जैसे वह टकराने को ही है, उस समय आप क्या करते हैं ? क्या आप अपने वाहन को उस वाहन से टकराने देते हैं या स्टेयरिंग पर अपनी पकड़ को मजबूत करके अपने वाहन को दायें या बायें जाकर उस अवश्यसम्भावित दुर्घटना से बचने का प्रयास करते हैं ? निश्चित तौर पर मैं यह कह सकता हूं कि आप दुर्घटना से बचने के लिए हर सम्भावित यत्न करते हैं । जीवन एकदम वैसा ही है। अपने आपको कहीं भी पहुंचने के लिए उस दिशा में अथक परिश्रम करना ही पड़ता है।

मान लीजिए, आप घर से निकले, तो यदि आपको जहां जाना है, वहां जाने की कोई कल्पना ही ना हो कि आप किस जगह जाना चाहते हैं और कोई वजह भी ना हो कि आप क्यों जाना चाहते हैं।...तो, आप भला क्यों घर से निकलने के बाद कहीं जायेंगे और जायेंगे, तो आखिर कहां जायेंगे? निश्चित तौर पर आपको जहां जाना है, वह जगह आपकी सोच में, आपकी कल्पना में, आपके दिल में और आपके दिमाग में होनी चाहिए और यह भी आवश्यक है कि आपको वहां पर क्यों जाना है। क्योंकि, जब तक आप यह नहीं जानते कि आपको कोई भी काम क्यों करना है, तब तक कभी भी आप उस काम को सही ढंग से नहीं कर सकते।

मान लिया कि आप पढ़ाई कर रहे हैं, किन्तु यदि आपको यह पता ही नहीं हो कि पढ़ाई करने से आपको क्या लाभ होनेवाला है और पढ़ने के बाद आपको किस विषय में कौन-से एग्जाम देने हैं, तो आप भला किस दृष्टि से या किसी लक्ष्य से पढ़ाई करेंगे? अथवा क्यों पढ़ाई करेंगे ? तो इस प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसकी प्रेरणा से निश्चित रूप से आपको कोई ना कोई लाभ होता है। इससे आप अपने जीवन को थोड़ा और बेहतर बना लेते हैं और जितना ज्यादा उस कार्य को करते चले जाते हैं, उतना ज्यादा उसमें पारंगत ; यानी एक्सपर्ट होते चले जाते हैं।

बहुत लोग कहते हैं कि मुझे काम करने को प्रेरणा (मोटिवेशन) नहीं मिलती । यह बात सच है कि किसी भी मोटिवेशन/ प्रेरणा से कोई भी काम और भी अधिक अच्छे तरीके से किया जा सकता है। लेकिन, आप विश्वास कीजिए कि इसका उल्टा भी बिलकुल सच है। मतलब किसी भी काम को आप जितनी भी अधिक बार करते हैं, उतना ही उसमें पारंगत होते चले जाते हैं और जितनी अधिक बार आप उसे काम को करते हैं। उतने अधिक प्रेरित होते चले जाते हैं। क्योंकि किसी भी कार्य को अधिक से अधिक बार किये जाने के कारण उस अभ्यास से मिलनेवाली सफलता आपको खुद ब खुद प्रेरित करती है।

...तो, जितनी यह बात सच है कि प्रेरणा से कामों को गति मिलती है, उतनी ही यह बात भी सच है कि कामों को बार-बार करने से उससे मिलने वाली प्रेरणा के चलते आपके कार्यों को और भी अधिक गति मिलती है। और मजे की बात है कि इससे मिलनेवालीं प्रेरणाएं भी दुगनी और तिगुनी होती चली जाती हैं। एक समय ऐसा आता है कि आप स्वतः प्रेरित व्यक्तित्व बन जाते हैं और किसी द्वारा आपके विषय में अथवा आप द्वारा किये जा रहे कार्यों के विषय में कुछ भी नकारात्मक कहे जाने से, आप नकारात्मक नहीं होते या यूं कहें कि आपको इस बात से कोई अंतर नहीं पड़ता कि आपके बारे में कोई क्या कह रहा है।

इसके अलावा एक बात और है...क्योंकि, सच तो यह है कि सुनी हुई बातों से हम केवल मन ही मन प्रेरित होते हैं। किन्तु, सफलता की राह में मन ही मन प्रेरित होने का कोई अर्थ ही नहीं है। क्योंकि, जब तक हम किसी भी कार्य को करने की दिशा में अपने पांव बढ़ा नहीं लेते और उन पांव को लगातार चलते रहने के लिए सतत अभ्यास करते रहने का अपना स्वभाव नहीं बना लेते, तब तक हमारा कोई भी काम किसी भी रूप में हमें कोई सुखद परिणाम नहीं दे सकता।...तो, इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि किसी भी कार्य के पूर्ण होने के लिए सबसे पहले उस कार्य का आरम्भ होना आवश्यक है, किन्तु फिर उसके बाद उस पर सतत चलते जाना उससे भी अधिक आवश्यक है।

किन्तु, सबसे बड़ी बात वह सतत चलना या किसी भी कार्य में अभ्यास करना किसी भी प्रकार के अनमनेपन से नहीं, बल्कि अपना पूरा मन लगा कर उसे करना ही आपको आपके मनोनकुल परिणाम प्राप्त करवा सकता है। क्योंकि, जब तक किसी भी चीज में आप अपना पूरा मन नहीं उड़ेल देते, तब तक आप उस कार्य को चाहे कितनी ही बार क्यों न कर लें, आप उसमें पारंगत नहीं हो सकते। इस प्रकार किसी भी विषय में पारंगतता प्राप्त करने के लिए केवल और केवल मन से किया गया सतत अभ्यास ही सबसे महत्ती आवश्यकता होती है।

किसी भी कार्य को करने के पश्चात आपको क्या मिलनेवाला है, यह भी उतना ही आवश्यक विषय है। क्योंकि, यदि किसी कार्य को करने से आपको यदि कोई छोटी चीज मिलानेवाली है, तो आप उसमें उतना मन नहीं उड़ेलते। लेकिन, उससे थोड़ी ज्यादा बड़ी चीज मिलती है, तो अपना मन, अपना अभ्यास और भी अच्छी तरह उड़ेलते हैं और यदि उससे भी बड़ी चीज मिलानेवाली हो, तो आपका अभ्यास और भी बढ़ जाता है।...तो, इसका यह भी अर्थ है कि किसी भी कार्य को करने पर उसके परिणाम के रूप में आपको आनुपातिक रूप से और बड़ा, और बड़ा, और बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना हो, तो आप उस कार्य को करने में अपने आप को पूरी तरह से उड़ेल देते हैं। कोई भी काम छोटा और बड़ा नहीं होता, बल्कि आप जितनी पारंगतता से किसी कार्य को करते हैं और जितना ही उसमें घुसते चले जाते हैं, वह काम उतना ही बड़ा होता चला जाता है। यानी किसी भी विषय में, किसी भी कार्य से कोई व्यक्ति यदि थोड़ा कमाता है और उसी कार्य से कोई दूसरा व्यक्ति उससे अधिक कमाता है, कोई तीसरा व्यक्ति उससे अधिक, तो कोई चौथा व्यक्ति उससे अधिक और कोई पांचवां व्यक्ति उससे भी अधिक कमाता है और कोई ऐसा भी व्यक्ति होता है कि वह इस कार्य से इतना अधिक कमा रहा होता है कि आपकी आंखें फट जाती हैं !...तो, इसका अर्थ केवल इतना ही है कि सबसे ज्यादा कमानेवाले उस व्यक्ति ने उस कार्य में छिपे हुए उस विजन को देख लिया, जो आप लोगों में से किसी ने नहीं देखा। या फिर उसे व्यक्ति ने उस कार्य में इतनी अधिक मेहनत की और इससे उसने उस कार्य में इतनी पारंगतता प्राप्त कर ली, कि वह एक अलग ही युक्तिजनक ढंग से उस कार्य को करने लगा और उसकी कमाई बढ़ती चली गयी।

इसी प्रकार यह माना जा सकता है कि कोई भी बात छोटी या बड़ी नहीं होती, बल्कि आप उस बात को जितना फैलाना और बड़ा करना चाहते हैं, वह उतनी ही बड़ी होती चली जाती है। किसी चीज से एक रुपया भी कमाया जा सकता है, सौ भी, हजार भी, लाख रुपया भी और करोड़ भी। यह केवल और केवल आपके ऊपर निर्भर है कि आप उसमें अपना कौन-सा विजन देख पाये हैं अथवा आप उस कार्य में कौन-सा सपना डाल पाते हैं! तो जितने बड़े सपने आप किसी कार्य में डालेंगे, उतना ही ज्यादा उसको करते हुए आप और ऊंचे, और ऊंचे, और ऊंचे होते चले जायेंगे। अंततः इस बात को यूं कहा जा सकता है कि आप अपनी कल्पना के अनुसार ही अपना कद, अपनी प्रतिष्ठा, अपनी कमाई तय करते हैं।

...तो, किसी भी मंच पर आपने देखा होगा कि बहुत सारे मोटिवेशनल स्पीकर आपको मिलते हैं। उस सभागार में आप सब मंच के नीचे बैठे उन्हें सुनते हैं, एक घंटा, दो घंटा, तीन घंटा, चार घंटा, पांच घंटा, यहां तक कि पूरे के पूरे दिन सुनते चले जाते हैं और उन घंटों में उनके लिए आप न जाने कितनी ही बार कितनी ही जोरदार तालियां बजाते हैं। आपको लगता है कि आप मोटिवेट हो रहे हैं। आप प्रेरित हो रहे हैं। किन्तु सच में ऐसा नहीं होता, क्योंकि उस सभागार में बैठे सैकड़ों और हजारों व्यक्तियों के साथ बैठे हुए होने के कारण वहां निर्मित वातावरण के कारण ऐसा हो जाता है कि आप सबका साथ दिये बगैर नहीं रह पाते और आपको लगता है कि सामनेवाला जो कह रहा है, वह बहुत बेहतर है और वह आपके लिए भी बेहतर है।

किन्तु, सच तो यह है कि सभागार से बाहर निकलने के पश्चात आपके घर तक पहुंचने तक वह मोटिवेशन हर क्षण कम होता हुआ, आपके अपने घर पहुंचने तक अथवा किसी और कार्य में लगने तक पूरी तरह से विदा हो चुका होता है !इस बात का यह अर्थ निकाला जा सकता है कि बाहरी मोटिवेशन कुछ क्षण भर की बात है, लेकिन अपने स्वयं के भीतर पैदा हुआ इमोशन और मोटिवेशन ही सबसे गहरी बात है। हां, यह अवश्य हो सकता है कि उस हाल में किसी को सुन कर कोई बात आपके मन को भा जाये...आपके हृदय को चुभ जाये और यह भी हो सकता है कि किसी बात से आप किसी हद तक प्रेरित हो जायें। आपके भीतर कोई तड़प पैदा हो जाये और तब आप अपने आप को अपने द्वारा उस कार्य में पूरी तरह से झोंक डालें और आप उस कार्य को करने के लिए किसी भी हद तक जुनूनी हो जायें और तब वह बात घटने लगती है, जो कुछ समय पहले उस वक्ता के साथ घट चुकी होती हैं, जिसे आप सुन कर आए हैं और जिसके लिए आपने तालियां बजायी हैं।

...तो, इस तरह आप सोच कर देखिए कि किसी जमाने में उस वक्ता ने भी कहीं ना कहीं, किसी न किसी बिन्दु पर यह कार्य आरम्भ किया होगा और इसे करते-करते...करते-करते करते वह इस वर्तमान पारंगतता, विशेषज्ञता पर पहुंच पाया होगा कि जिसे सुन कर हजारों/लाखों लोग प्रेरित होते हैं, जिसे सुन कर हजारों/लाखों लोग उसके लिए तालियां बजाते हैं। अब थोड़ा इस बात की गहराई में जाकर देखें ; भले ही उसकी बात ने या किसी और व्यक्ति की किसी बात ने आपको प्रेरित किया या झकझोर डाला। लेकिन, आप यह महसूस कर-के देखिए कि आप जब कार्य करने लगे और बार-बार उस कार्य को करते गये, तभी आपके स्वयं के अंदर उस कार्य को करने की प्रेरणा जगी और वह प्रेरणा अनवरत आप में जगी रह गयी। इस कारण आप अनवरत उस काम को करते चले गये, तभी तो आप आगे बढ़े ?

...तो, यदि आप सचमुच सफल होना चाहते हैं, तो उपरोक्त कुछ बातों को अपने हृदय और मस्तिष्क में सदा सदा के लिए समाहित कर लें और तदनुरूप अपने आप को उस अनुसार ढाल दें। आपकी सफलता निश्चित है और आपकी सफलता के लिए ईश्वर स्वयं आपके पांव के नीचे फूलों का कालीन बिछाये दिखाई देगा।

## राशिफल

**मेष** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृष** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या** : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**तुला** : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मीन** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### पलामू में पुलिस जवान की बाइक में लगी आग

**पलामू :** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक चौक के समीप बंगाल टेंट हाउस के सामने शनिवार को मुख्य सड़क पर चलती बजाज पल्सर बाइक (जेएच 01सीपी 4300) में आग लग गयी। बाइक झारखंड पुलिस के जवान की बतायी गयी है। सूचना मिलने पर टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग बुझायी। इस हादसे से आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बताया गया है कि नवकेतन सिनेमा रोड की ओर से पुलिस जवान संजू कुमार वर्मा गढवा जा रहे थे। संजू गढवा में ही पोस्टेड है। वे गढ़वा के निवासी हैं। उनके पीछे मिथिलेश कुमार बैठे हुए थे। इस बाच बाइक से चिंगारी निकलने पर दोनों बाइक से उतरकर अलग हो गए। इसके बाद बाइक में आग लग ई और देखते देखते धूं-धूं कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर फाइटर से आग बुझाने की कोशिश की। बाद में मौके पर पहुंचे टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। सूचना पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एक महीने पहले ही बाइक की इंश्योरेंस फेल हुई थी। बाइक में आग लगने के पीछे तेल टंकी से लिकेज बताया गया है।

### मोदी व सुदेश महतो के नेतृत्व में विकास का अलख जगेगा : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर :** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पलामू दौरा पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम की जीत का मुहर जनता ने लगा दी। झारखंड के सभी 14 लोक सभा में 13 फुल और 1 फल अप्रत्याशित बिजय का परचम फहराने के लिए तैयार हैं। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि मिशन 24 मे केन्द्र में मोदी और राज्य में सुदेश को जनता ने स्वीकार कर लिया है। गढवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मोदी जी के सफल कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाखों जनता को बधाई दी है। शंकर बिश्वकर्मा ने कहा कि मोदी जी नै सभा मे जो शमां बंधाया ये दुर तलख जाएगी। आजसू पार्टी के काफी संख्या में कार्यक्रम मे कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य रूप से त्रिपुरारि सिह डा0 अफजल अंसारी केन्द्रीय सचिव चम्पा देवी महिला गढवा जिला अध्यक्ष रिता देवी राजु प्रसाद दशरथ चौधरी आदि के नेतृत्व में मोदी जी के बिचार को सुन कर हर गांव टोला मे प्रचार प्रसार करने का संकल्प लें लिया है।

### सीतामनी तिर्की ने भाजपा प्रत्याशी के लिए किया जनसम्पर्क

**लातेहार :** निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की ने चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विजयी बनाने को ले कर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सदर प्रखंड के धनकारा व शीशी पंचायत के कई गांवों में घूम घूम कर लोगों को भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल मे आज पूरा देश चहुमुंखी विकास कर रहा है। पांच सौ साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। उज्जवला गैस योजना व घर घर शौचालय बनवा कर महिलाओं को समाज में सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया। आज विकास की किरणें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

### भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर : असगर खान

**लातेहार :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने के लिए गठबंधन के घटक दल झामुमो, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने प्रखंड के कई पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया और केएन त्रिपाठी को वोट देने की अपील की। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष बाबर खान, आम आदमी पार्टी के रिंकू खान ने ग्राम कामता व चकला गांवों में ग्रामीणों के साथ एक बैठक भी की। दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले कई लोकसभा आम चुनाव में लोगों ने भाजपा के उम्मीदवार को कई उम्मीदों और सपनों के साथ वोट दे कर विजयी बनाया था।

---

## लातेहार में आयोजित राजद की बैठक में केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने का लिया गया संकल्प

# भाजपा संविधान बदलने की तैयारी में : केएन त्रिपाठी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय जनता दल, लातेहार जिला की एक बैठक स्थानीय होटल द ब्लिस में आयोजित की गयी। बैठक में चतरा संसदीय के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव व मंच संचालन जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव ने किया। बैठक में राजद नेता व कार्यकताओं ने एक स्वर में केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि आने वाला समय देश



में बहुत ही विकट होने वाला है। भाजपा संविधान बदलने की तैयारी कर ही है। आज समाज में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि लातेहार जिला में राजद बहुत मजबूत है। चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाना है। इस बैठक में बलि यादव, सुरेश राम, दिलेश्वर यादव, भोला सिह, उपेंद्र, रंजीत कुमार यादव उर्फ बिजली व पवन राम समेंत राजद के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदाता पर्ची वितरण कार्य जारी : बीडीओ



**लातेहार :** आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर लातेहार जिला प्रशासन लगातार मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इसी के निमित शनिवार को सदर प्रखंड के मुरूप, नेवाडी भालू गाड़ी आदि क्षेत्रों में मतदाता पर्ची निमंत्रण पत्र और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी के द्वारा मतदाताओं के घर घर जाकर किया गया। साथ 20 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक अपने मतदान केंद्र पर अपने सभी परिवार के साथ जाकर मत देने का अनुरोध किया। उन्होंने मतदाता को समझाते हुए कहा कि अगर वोटर कार्ड नहीं है तो भी बैंक पासबुक ,आधार कार्ड, पैन कार्ड ,जॉब कार्ड, मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड आदि कोई दस्तावेज को लेकर बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें। इस अवसर पर बीएलओ शीला देवी ,प्रभा देवी ,सविता देवी, गीता देवी, बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## रायडीह कस्तूरबा की 280 छात्राओं ने पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर स्कूल छोड़ने की दी धमकी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रायडीह :** अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कस्तूरबा विद्यालय की एक पीटी टीचर कमला कुमारी के खिलाफ आखिरकार रायडीह के कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली तीन सौ छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है। सभी छात्राओं ने पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर एक साथ स्कूल छोड़ने की भी धमकी दे डाली है। जनप्रतिनिधियों व सिक्छा विभाग के अधिकारियों के कान में यह बात आने के बाद बीते सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को स्कूल में बैठक कर छात्राओं को समझाया गया है।फिलहाल स्कूल छोड़ने की बात से छात्राएं पीछे हट गई है। मगर स्कुल से पीटी टीचर को हटाने की मांग पर अड़ी हुई है। ऐसे बताया जाता है कि स्कुल में नामांकित 350 छात्राओं में से 70 छात्राएं पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर अपनी बीमारियों का हवाला देते हुए अपने घर चली गई है। छात्राओं ने बताया कि पीटी टीचर जब से यहां योगदान दी है तब से उनका व्यवहार ठीक नहीं है। वे छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती है। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए गरीब कहकर प्रताड़ित करती है। पीटी टीचर द्वारा उनसे कपड़ा धुलवाया जाता है।इनकार करने पर प्रताड़ना की हद बढ़ जाती है।उनके बीच हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। वे पीटी टीचर के कारण डर के साये में रहने को विवश है।छात्राओं की इन बातों को सुनने के बाद शुक्रवार को सिक्छा विभाग के अधिकारी भी स्कुल पहुंचे थे। वे भी छात्राओं को मान मनौउल पर जुटे हुए थे।

## विद्यालय में अनुशासन आवश्यक : तृप्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय में शनिवार को नये सत्र के छात्रों का स्वागत सह प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या तृप्ति भारती, वरीय शिक्षक विद्युत ओझा व नरेंद्र पांडेय समेंत अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र व छात्राओं के द्वारा सामुहिक रूप से गाये गये स्वागत गीत से किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए प्राचार्या भारती ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन बहुत ही आवश्यक है। विद्यालय का चहुमंखी विकास तभी संभव है जब न सिर्फ छात्र वरन शिक्षक भी विद्यालय में अनुशासन में रहें। उन्होने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। कहा कि विद्यालय में कम से कम



75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। आगे कहा कि बच्चों की शिक्षा में जितना महत्वपूर्ण रोल शिक्षकों का होता है, उतना ही अभिभावकों का भी होता है। उन्होने बताया कि नये सत्र में विद्यालय में कुल 240 छात्र व छात्राओं का नामांकन किया गया है। कक्षा छह से नौ तक में नामांकन के लिए कुल 1500 फार्म का वितरण किया गया था। जिसमें 1300 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से कुल 240 चयनित किये गये। उन्होने बताया कि पहले विद्यालय में नौ से 12 वीं तक की पढ़ाई होती थी, लेकिन इस नये सत्र में कक्षा छह से आठ तक होगी। उन्होने बताया आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के उदेश्य से सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालयों की परिकल्पना की गयी है। हर एक बच्चे में नैसर्गिक प्रतिभा होती है। नरेंद्र पांडेय ने विद्यालय की गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होने बताया कि कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की आगामी सोमवार से ऑनलाइन कक्षायें ली जायेगीं।

## चोरी का सामान छुपाने को लेकर पूछताछ पर तलवार से किया हमला, तीन घायल एक आईसीयू में भर्ती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित सरना टोली गांव में चोरी का सामान छुपाने के दौरान पूछताछ किये जाने पर तलवार से हमला व मारपीट कर प्रकाश खलखो,विनय डुंगडुंग,प्रमोद जोसेफ टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए है। इनमे प्रमोद को गंभीर चोट लगी है।प्रमोद का गर्दन का हड्डी टूट गया है।सदर अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज जारी है।सुधार नही होने पर डॉक्टर द्वारा उन्हें रिम्स रेफर किए जाने की बात कही है। इधर पूरे मामले को लेकर प्रकाश खलखो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर सरना टोली के ही संजय राम,पत्नी धनेश्वरी देवी, बेटा शिवा राम,विष्णु राम,सचिन राम,संतीश राम व आतिश राम के ऊपर जानलेवा हमला करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में प्रकाश खलखो ने कहा है कि उपरोक्त सभी आरोपी के रिश्तेदार गुड्डू राम ने पूर्व में भी मारपीट कर व चाकू से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया था।फिर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी।मगर कोई कार्रवाई नही हुआ था। अब बार बार उपरोक्त लोगो द्वारा तरह तरह का धमकी दिया जाता है।

## होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाले वोट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं।पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है।इसी क्रम में आज कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया। आज कुल 13 मार्गों पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे।



इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के उपर के ऐज के थे वहीं 42 दिव्यांग मतदाता थे।इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था। बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते,उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है।यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

## नप ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

# 20 किलो प्लास्टिक जब्त, तीन पर लगा जुर्माना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर पंचायत सख्त हो गया है। नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शनिवार को शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक बेच रहे दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर के चार स्थानों पर चलाया गया। अभियान के दौरान टीम के द्वारा 20 किलो प्लास्टिक जब्त किया गया और तीन दुकानदारों पर 15 सौ रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। इसमें अग्रवाल किराना स्टोर सह अग्रवाल खैनी दुकान,



थाना चौक स्थित रामचंद्र प्रसाद और संजय प्रसाद पर सिंगल यूज प्लास्टिक यूज करने पर जुमार्ना लगाया गया है।

**क्या कहते हैं नगर प्रशासक राजीव रंजन**

नगर प्रशासक राजीव रंजन का इस संबंध में कहना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है और आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से आग्रह है कि वह थैला लेकर बाजार जायें एवं थैले का ही उपयोग करें।

## अबुआ आवास निर्माण की गति बढ़ाने को लेकर बीडीओ ने चलाया डोर टू डोर अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार :** गारू प्रखंड क्षेत्र में झारखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजना अबुवा आवास निर्माण की धीमी गति को देखकर बीडीओ संतोष कुमार बैठा ने डोर टू डोर जाकर लाभुकों को त्वरितकार्य करने का निर्देशित किया। प्रथम किस्त की राशि मिलने के बावजूद कई लाभार्थी अब तक कार्य प्रारम्भ भी नहीं किये हैं। शनिवार को बीडीओ नें बारेसांढ़ और मायापुर पंचायत के लाभुकों से मिलकर अंतिम चेतावनी देते हुए आवास निर्माण अविलम्ब शुरू करने की बात कही। इस सम्बन्ध में पंचायत सचिव राजेंद्र उरांव नें कहा कि लाभुकों को लगातार काम शुरू कराने को लेकर निर्देशित कर रहे हैं यदि फिर भी कोई कार्य प्रारम्भ नहीं करता है विधि सम्मत करवाई किया जायेगा। इधर लाभुकों का कहना है की मनरेगा अंतर्गत बिरसा संवर्धन कूप निर्माण वन विभाग में ज्यादातर मजदूर कार्य कर रहे हैं जिसके कारण कार्य में देर हो रहा है।

## बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने शिविर लगा कर किया चशमा का वितरण

# 122 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा शनिवार को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पंचायत चेतर के ग्राम आन के सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों के बीच बनहरदी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर, संजय कुमार के द्वारा चश्मा का वितरण कराया गया। ज्ञात हो कि विगत 15 मार्च को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के द्वारा सभी प्रभावित गांवों को शामिल करते हुए ग्राम आन के स्वास्थ्य और कल्याण



केंद्र में ग्रामीणों का विशेषज्ञों से नेत्र परीक्षण कराया गया था। नेत्र विशेषज्ञ के सलाह के आधार पर 122 मरीजों को चश्मा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से राजन भगत, एम चंद्रसेगर (अपर महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक) विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) भानु प्रकाश, (वरिष्ठ महाप्रबंधक), सुबोध जॉन पूर्ती, (वरिष्ठ महाप्रबंधक), शुभंकर मंडल, अबीर नाथ लाल , अमित द्विवेदी, कार्यपालक, भू अर्जन / पुनर्वास उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता गोपाल चौरसिया हत्याकांड के आठ दोषियों को उम्रकैद की सजा व जुर्माना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** गढ़वा जिले के रमकंडा बाजार में भाजपा नेता गोपाल चौरसिया की सरेआम कुल्हाड़ी से काटकर हत्या मामले में आठ दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा राजेश शरण सिंह की अदालत ने शुक्रवार को यह सजा सुनाई। सजा पाने वालों में रमकंडा थाना निवासी चंद्रभूषण कुमार उर्फ टुनु, उसके पिता महेंद्र प्रसाद, नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद व इनके भाई बसंत प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद व लालदीप प्रसाद शामिल हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक जगदेव साहू एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ब्रिजदेव विश्वकर्मा ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि रमकंडा के बाजार टोला निवासी भाजपा नेता गोपाल चौरसिया की 23 अक्टूबर, 2019 की शाम 5.15 मिनट पर रमकंडा बाजार में सरेआम दौड़ाकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद भाजपा नेता की बेटी दीपा ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए रमकंडा में आंदोलन किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन कुछ दिनों बाद कोर्ट ने इन्हें जमानत दे दी थी।

## पलामू के तीन केन्द्रों पर आज 1552 परीक्षार्थी देंगे नीट (यू.जी.) 2024 की प्रवेश परीक्षा

# तीसरी आंख व जैमर की निगरानी में होगी परीक्षा : सिटी कोऑर्डिनेटर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तीन केंद्रों पर देश की अति प्रतिष्ठित परीक्षा नीट ( यू.जी.) 2024 की प्रवेश परीक्षा आयोजित है ।यह परीक्षा एन.टी.ए. जोकि एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन है आयोजित कर रही है। एन.टी.ए. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 2019 से पूरे देश में नीट (यू.जी.) की परीक्षा आयोजित करती आ रही है । यह परीक्षा पलामू में तीसरी बार आयोजित हो रही है। इस बार यहां तीन केंद्र बने हैं । एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर , ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बाईपास रोड रेड़मा को केंद्र बनाया गया है। इन तीनों केंद्रों के सिटी कोऑर्डिनेटर, एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन खान को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त हर केंद्र पर केंद्राधीक्षक ,पर्यवेक्षक, वीक्षकों के रूप में 140 लोगों को तैनात किया गया है। इनके साथ-साथ सहयोगी कर्मचारियों को ऑनलाइन / ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं परीक्षा संचालन का पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है । हर परीक्षा केंद्र पर एन.टी.ए. द्वारा सी.सी.टी.वी कैमरे एवं जैमर भी लगाए जा चुके हैं। हर केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय एन.टी.ए द्वारा गठित फ्रिस्किंग टीम उनकी शारीरिक जांच करेगी। इस दल में पुरुष और स्त्री दोनों सदस्य सम्मिलित हैं। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से भी गुजरना होगा। उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा अभिलेख सत्यापन भी किया जाएगा। आवश्यक अभिलेख पोस्टकार्ड साइज फोटो लगा एन.टी.ए द्वारा जारी प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान



पत्र, पासपोर्ट इत्यादि। तत्पश्चात परीक्षार्थी अपने निर्धारित कक्षा -कक्ष में जा सकेंगे। वर्जित किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट, स्मार्ट/ सामान्य घड़ी , पेन ड्राइव, स्कैनर, कैलकुलेटर, माइक्रो फोन, पेजर किसी प्रकार का चिट पूर्जा, टेक्सुअल मटेरियल, ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, स्केल, राइटिंग पैड, इरेजर लौग- टेबल, ,हेल्थ बैंड, वॉलेट, प्लास्टिक आई कार्ड इत्यादि। किसी प्रकार का आभूषण जैसे ईयररिंग, नोज पिन, ब्रेसलेट, चैन, नेकलेस,बैज, ब्रोच इत्यादि लाना वर्जित है। लाना आवश्यक है ।प्रवेश पत्र,पानी का पारदर्शी बोतल, अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए सिविल सर्जन / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्गत पी.डब्लयू.डी. सर्टिफिकेट लाना है। इन्हें परीक्षा अवधि में एक घंटा 5 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। तीनों केंद्रों पर परीक्षार्थी संख्या एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज केंद्र पर कुल 928, रोटरी स्कूल चैनपुर पर 312 और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बायपास रोड रेड़मा पर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**आज की प्रशासनिक व्यवस्था**

**पलामू** जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि एन.टी.ए द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में उपायुक्त महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू से परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया है । इन केंद्रों पर एस.डी.एम महोदय से दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।

## एक झलक

### ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से हुई शुरू

**बोकारो** : ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी खराबी के कारण जला पूर्ति बाधित होने का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त विजया जाधव ने पिछले दिनों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास को निर्देश देते हुए अविलंब समस्या का निदान कराने को कहा था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जलापूर्ति सेवा को एक बार पुन: शुरू कर दिया है। शुक्रवार से ही योजना से जलापूर्ति सेवा शुरू हो गयी है। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे शुक्रवार को दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुन: जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इससे जरीडीह प्रखंड के तातरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

### ध्यान योग साधना शिविर कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो** : संस्था महिला शिशु जन विकास समिति इस्पात नगर बोकारो सुखदेव नगर चास वार्ड 17 प्रधान कार्यालय में श्री श्री रवि शंकर दास का ध्यान योग साधना 14 दिवसीय कार्यक्रम संस्था के सचिव आरती जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। गुरु रवि शंकर दास के मार्गदर्शन से सभी महिलाएं ध्यान साधना किया। संस्था के सचिव आरती जायसवाल ने कहा कि गुरु रवि शंकर कि ध्यान विधि एवं उनकी ऑनलाइन प्रोग्राम को देखकर हम सब रोज ध्यान साधन करे ताकि हम सब स्वाथ्य रह सके, ध्यान करने हमारी तनाव दूर होता एवं जीवन सुखमय हो जाता है। परामर्शी चंकी पाण्डेय ने कहा प्रतिदिन 1 घंटे ध्यान करना चाहिए इसे हमारा मन नियत्रण रहता है एवं विचारो से मुक्त सकारात्मक ऊर्जा मिलता है। इस कार्यक्रम में ललिता देवी अनीता, कुमारी, नेहा कुमारी, रूबी देवी, संगीता, देवी, आशा देवी, सीमा देवी खुशी कुमारी, अन्य महिला उपस्थित थे।

### कैरो प्रखंड क्षेत्र की गुड़ी पंचायत में करायी होम वोटिंग

**लोहरदगा** : निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शनिवार को कैरो प्रखंड के गुड़ी पंचायत के गुड़ी गांव में दिव्यांग लीला कुमारी को जिला निर्वाचन से आये पदाधिकरी एवं बीएलओ पर्यवेक्षक रघुनाथ मुंडा, बीएलओ मनसूर आलम आदि की उपस्थिति में मतदान कराया गया। मतदान कर लीला काफी खुश नजर आयी। उसने कहा कि मैंने तो अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। अब आपकी बारी है।

### नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**लोहरदगा** : कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को अगवा कर पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लिखित शिकायत पर पुलिस ने पांच युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। फिलहाल, सभी आरोपित फरार हैं। पुलिस ने पीड़ित लड़की का मेडिकल चेकअप कराकर बयान कलमबद्ध कराया है। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गयी थी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने केन्द्रीय पुलिस बलों के आवासन को लेकर किया निरीक्षण

# मतदान केन्दों पर सुविधाओं को दुरूस्त करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर व पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से केन्द्रीय पुलिस बलों के आवासन को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नरेन्द्र भवन जसीडीह, पीटीआई स्थित जिला परिषद डाक बंग्ला गेस्ट हाउस, कुमैठा स्तिथ स्पोर्ट्स होस्टल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा-व्यवस्था, बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस के जवानों की ठहरने के लिए की गयी अन्य व्यवस्थाओं से भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक अवगत हुए। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को बेहतर आवासन के साथ पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई से जुड़ी सुविधाओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपरोक्त के अलावे सीआरपीएफ के कमांडेंट, उप विकास आयुक्त श्री नवीन कुमार, नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर आशीष अग्रवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



**देवघर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर व पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को कुमैठा स्टेडियम स्तिथ बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने देवघर, मधुपुर एवं सारठ विधानसभा हेतु बनाये गए अलग-अलग डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण करते हुए किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर ने बज्रगृह -सह-डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता अग्निशमक यंत्र की उपलब्धता के अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त श्री नवीन कुमार,नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित कोषांग के अधिकारी व कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## कालीचरण सिंह ने दो दर्जन गांवों में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी ने चतरा विधानसभा क्षेत्र के गिद्धौर प्रखंड के 22 गावों में सघन जनसंपर्क अभियान कर लोगों से चतरा में पुनः कमल खिलाने की अपील किया। जनसंपर्क कार्यक्रम में झारखण्ड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं सिमरिया से विधायक किशुन कुमार दास जी एवं भाजपा ज़िलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता जी एवं ज़िला मंत्री सह गिद्धौर प्रभारी सुनीता देवी जी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। कालीचरण सिंह ने पहरा पंचायत के पहरा, केंआ, ग्रवाही, गिद्धौर पंचायत के मुख्य चौक, ब्लॉक मोड, सलगा होते हुए पंचायत बारीसाखी के नयाखाप, पेक्सा, पांडेमहुआ चौक, बारीसाखी, मायाडीह, पंचायत मंझगाँवा के सिंदवारी कला, सिंदवारी खुर्द, मंझगाँवा, ब्रहमपुर मोड़, घटेरी, सरहैता, गड़के, पिंडारकोण, पंचायत बारीयातु के गांगपुर, पंचायत द्वारी, तिलैया, द्वारी एवम् पंचायत बारीयातु और ईचाक गावं में डोर टू डोर कैपैन कर स्थानीय लोगों से उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा। सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि के मुद्दे एवं चतरावसियों की मांग पर केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें चतरा क्षेत्र के लोगों के सेवा का अवसर प्रदान किया है, इस क्षेत्र का बेटा होने के कारण मैं चतरावसियों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। कलीचरण सिंह ने कहा कि मोदी जी का 10 साल का कार्यकाल तो बस एक ट्रेलर था देश एवं इस क्षेत्र के विकास का कार्य अभी और बांकी है देश के साथ चतरा को अभी और भी विकसित बनाना है मोदी जी के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए हमें आपका साथ और समर्थन चाहिए और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जैसे देश ने इस बार भाजपा को 400 पार का मन बना लिया है।

## गिरिडीह में भारी मात्रा में स्प्रिट जब्त

**गिरिडीह** : गिरिडीह और कोडरमा उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में स्प्रिट और रंगीन विदेशी शराब को जब्त किया है। दोनों जिलों की टीमों ने शुक्रवार देर रात तक घोड़थम्बा ओपी के करमाटांड़ पहाड़ी एवं मरकच्चो थाना के बरियारडीह में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने करमाटांड़ से चार हजार सात सौ 50 लीटर स्प्रिट और सात सौ लीटर रंगीन विदेशी शराब जब्त किया। इसके अलावा कोडरमा के बरियारडीह में टीम ने चार हजार लीटर स्प्रिट बरामद किया। हालांकि, दोनों ही जगह अंधेरे का लाभ उठाकर धंधेबाज मौके से भाग खड़े हुए। इस बाबत उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने शनिवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार की रात विशेष अभियान चलाया गया। धंधेबाजों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह के दीदियों के द्वारा रंगोली बनाकर 20 मई 2024 को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।



## पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, योग क्रांति जोड़ी योगी सुषमा सुमन योगी प्रदीप कुमार सुमन की अगुवाई में यह कार्यक्रम चलाया गया और यह कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन कर रही है सुषमा सुमन ने बताया की कोडरमा लोकसभा में लगभग 500 गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सारे योग शिक्षक भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे और सुषमा सुमन ने बताया की योग क्रांति जोड़ी 300 गांव में और वह गांव को चयन करेगी जहां मतदान कम प्रतिशत में होता है वहां मतदान पूरा करना है लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपील है कि मतदान अवश्य करें समाज और राष्ट्र को मजबूत आपके मतदान देने से ही होगा सभी बहनों को बताया की 20 मई को सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाएं और मतदान करें उसके बाद जलपान करें भोजन बनाएं प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की आदिवासी बनवासी और शहर वासी को विशेष जागृत करना पड़ेगा उसके लिए विशेष मतदान अभियान चलाया जाएगा आपका मतदान 5 साल के लिए एक मजबूत सरकार बनती है मतदान नहीं करेंगे मजबूर सरकार बनेगा इसीलिए नारा दिया गया है पहले मतदान उसके बाद जलपान इस कार्य को मजबूती देने के लिए पतंजलि परिवार के लगभग सैकड़ो योग शिक्षक निशुल्क सेवा करेंगे।

## मई में आठ दिन बंद रहेगी शराब दुकान

- ड्राई डे के दिन अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : रंजन तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर लातेहार जिले में मई महीने में आठ दिनों तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लातेहार के उत्पाद अधीक्षत रंजन तिवारी ने बताया कि लातेहार जिला छत्तीसगढ़ राज्य से अपनी सीमा साझा करती है और छत्तीसगढ़ के सरगुजा लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत बलरामपुर में तीसरे तरण में सात मई को मतदान होना है और चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदान से 48 घंटे पहले शराब दुकानों को बंद करने का आदेश है इसी वजह से आज शाम पांच बजे से सात मई के शाम पांच बजे तक शराब दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद पलामू लोहरदगा में 13 मई को मतदान होना है और पलामू और लोहरदगा जिले से भी लातेहार जिला की सीमा साझा होती है और यहां पर भी 13 मई को मतदान संपन्न होना है, इस वजह से 11 मई को शाम पांच बजे से 13 मई के शाम बजे तक बंद रहेंगी। इसके बाद लातेहार में 20 मई को मतदान संपन्न होना है इस वजह से यहां पर मतदान से 48 घंटे पहले यानि 18 मई को शाम पांच बजे से लेकर 20 मई को शाम पांच बजे तक और फिर लातेहार जिला रांची जिला से भी अपनी सीमा साझा करती है और वहां पर 25 मई को मतदान होना है, जिसके वजह से जिले में 23 मई की शाम पांच बजे से लेकर 25 मई के शाम पांच बजे तक जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

**अवैध शराब बैचनेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**वहीं,** उत्पाद अधीक्षक श्री तिवारी ने कहा कि यदि ड्राई डे के दिन किसी भी होटल, रेस्टोरेंट या कही भी शराब की बिक्री या खरीदारी होती है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को दिया गया प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों को अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर , सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## इटखोरी साल्वे बूथ 209 के नोडल पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता को लेकर बीएजी के साथ बैठक की

# अधिक वोटिंग पर हुई चर्चा, दिये गये कई सुझाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिले के जिन बूथों पर पूर्व में चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत कम देखा गया है, उस बूथ पर अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए कुल 50 ऐसे बूथों को चिह्नित किया गया है और मतदाता जागरूकता के लिए प्रत्येक बूथ के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं जो अलग-अलग दिनों में तीन बार बूथ का दौरा करेंगे और बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला कर कम मतदान प्रतिशत के कारणों की जानकारी लेंगे। इसी उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत इटखोरी प्रखंड के साल्वे बूथ संख्या 209 मतदान केंद्र पहुंच बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक कर वर्तमान में कितने मतदाता हैं और मतदान प्रतिशत कम है, इसके कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी, साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर मतदाताओं से विचार-विमर्श और सुझाव भी लिये गये। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 209 बूथों पर कुल 41 फीसदी वोटिंग हुई थी। अधिक मतदान हो, इसके लिए बूथ अवेयरनेस टीम के साथ मतदाताओं की बैठक की गयी। इस दौरान बीडीओ, प्रमुख आरती देवी, बीएलओ सोनी कुमारी, पारा शिक्षक अनिता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, पंचायत सचिव अरविंद उरांव, रोजगार सेवक रामदेव पासवान, पीडीएस डीलर ब्राह्मणदेव यादव सहित अन्य मौजूद थे।



## झारखंड रत्न से सम्मानित हुए सुरेश झाझंरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : शहर के मुख्य व्यवसाई समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुरेश झाझंरी को रांची मे आयोजित एक कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए झारखंड रत्न के सम्मान से सुशोभित किया गया जैन समाज झुमरीतिलैया ने सुरेश झाझंरी के इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया और कहा कि आप अपने विशिष्ट कार्यों के कारण इस सम्मान के हकदार है समाज के मंत्री एवं पदाधिकारी ने उन्हें साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया सह मंत्री राज छाबड़ा ने कहा कि सुरेश झाझंरी झुमरीतिलैया ही नहीं पूरे भारतवर्ष में जैन समाज की आन-बान और शान है भारतवर्ष के कई प्रदेश में उनको धर्म क्षेत्र समाज सेवा क्षेत्र के कार्यों के लिए कई सामाजिक संस्था और धर्म गुरुओं के द्वारा सम्मानित किया गया है आप हमेशा समाज सेवा जरूरतमंदों की सेवा एवं धर्मनिष्ठ कार्य में समर्पित रहते हैं जैसा कि मालूम हो रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिने जगत की अभिनेत्री काम्या पंजाबी एवं विशिष्ट अतिथि क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कई सामाजिक संस्था मे मुख्य पद से जुड़े सुरेश झाझंरी वर्तमान में इटखोरी भद्रकाली मंदिर के ट्रस्टी है इटखोरी में निर्माणरत भगवान शीतलनाथ कमल मंदिर के महामंत्री हैं उनकी देखरेख में विशाल मंदिर का निर्माण चल रहा है झारखंड सम्मेद शिखर पारसनाथ मंदिर कोठी के ट्रस्टी है झुमरीतिलैया में निर्माण रत भव्य जैन मंदिर के संयोजक है कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिए होली फैमिली हॉस्पिटल झुमरीतिलैया में उन्होंने विशेष आर्थिक मदद देकर झाझंरी कीमोथेरेपी ब्लॉक का निर्माण कराया। और हमेशा भारतीय संस्कृति और धर्म कार्य को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं एक सफल व्यवसाई के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक में गोल्ड मेडलिस्ट रांची यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले समाजसेवी सुरेश झाझंरी कई जरूरतमंद मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति देकर राष्ट्र निर्माण में भी अपना योगदान दे रहे है।



## एसजीएफआई में क्वालीफाई में करनेवाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को समारोहपूर्वक किया गया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

चतरा : शनिवार को दीभा, चतरा स्थित स्थानीय इंदुमती टिबड़ेबाल सरस्वती विद्या मंदिरके विशाल सभागार में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में झारखंड अधीविध परिषद द्वारा आयोजित दशम बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ -साथ खेलो झारखंड के तहत एसजीएफआई में क्वालीफाई में करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, विद्यालय के संरक्षक डॉ.विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संतन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मुकेश साह, हजारीबाग विभाग के सह प्रमुख ब्रजेश सिंह व विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात बहनों द्वारा स्वागत गीत को प्रस्तुति की गई। अतिथि परिचय सह स्वागत विद्यालय में प्राचार्य रमेश कुमार सिंह द्वारा की गई। परीक्षा परिणाम वृत प्रस्तुति सह पारितोषिक वितरण पंकज पाण्डेय द्वारा की गई। विदित हो इंदुमती टिबरेवाल विद्यालय के कुल 250 विद्यार्थियों ने जैक बोर्ड परीक्षा में सम्मलित हुए थे जिनमे भैया सक्षम वर्मा ने पूरे झारखंड राज्य में पांचवा और अपने चतरा शहर में पहला रैंक व भैया रिशु राज दूसरा रैंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इन दोनों विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबन्धन द्वारा टैब देकर पुरस्कृत किया गया वहीं जैक बोर्ड में टॉप 10 में आने वाले 20 भैया/बहनों को व एसजीएफआइ में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को स्मार्ट वॉच, प्रशस्ति पत्र और शेष उत्तीर्ण उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट फाइल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र,तुलसी का पौधा व धार्मिक ग्रंथ भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के माननीय प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियो को उज्वल भविष्य को शुभकामना देते हुए कहा आज विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे है। यहां के विद्यार्थियो ने दोनों विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और विद्या भारती का मान बढ़ाया है। उन्होंने आगे बताया आज के परिवेश में बदलते रिश्ते में चरित्र ही सबसे बड़ी पूंजी है। विद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष संतन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा आगे और भी प्रतिस्पर्धा होगी लेकिन आप सभी से उम्मीद है आप और बेहतर करेंगे। कार्यकर्म में विद्यालय प्रबन्ध समिति के माननीय कोषाध्यक्ष श्री मुकेश साह ने सभी के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है,इसी प्रकार आप सभी सफलता प्राप्त कर आगे बढ़े। कार्यक्रम के सफल संचालन में चतरा संकुल के सभी प्रधानाचार्य, विद्यालय के प्रभारी सहित समस्त आचार्य, आचार्या उपस्थित रहे। मंच संचालन कक्षा दशम अ के भैया करण कुमार राणा ने की।



## राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की दर्दनाक मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : 04 मई 2024 को करीब 05.10 बजे सुबह सूचना प्राप्त हुई की गझंडी स्टेशन लिमिट में एक लोको पायलट रन ओवर हो गया है। सूचना प्राप्ति पश्चात जवाहर लाल क्ढक्रऋडदफ साथ बल सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे, गझंडी स्टेशन लिमिट के प्वाइंट नॉ ढ 72इ ड्ट ठड 403/ 28 (02) 403/ 28 (01) के पास एक लोको पायलट का डेड बॉडी पाया गया। इस संबंध में साथ कार्यरत अछढ गोपाल कुमार ल्दट ऋट्ड मॉब नॉ 6207327245 से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मृतक लोको पायलट का नाम पंकज कुमार सिंह है और इनका ल्दट ऋट्ड है। हम दोनो की ड्यूटी दिनांक 03.05.2024 को गोमो से समय 21.45 बजे थी। हम दोनो गोमो से एक लाइट इंजन (बैंकर ) नॉ 27444 को गोमो से समय 23.45 बजे लेकर चले तथा दिनांक 04.05.2024 को समय 01.05 बजे गझंडी पहुंचे। पुनः गझंडी से समय 01.50 बजे चलकर गुरपा 02.25 बजे पहुंचे। पुनः गुरपा से 03.06 बजे चलकर गझंडी 03.50 बजे पहुंचे। जिसके बाद उक्त बैंकर को गझंडी के लोको बफर में खड़ा कर दिए। बैंकर को खड़ा करने के बाद समय 04.31 बजे जब ट्रैक पकड़ कर जा रहे थे तो प्वाइंट नॉ ढ 73अ के पास उ्रछ लाइन से गुजर रही गाड़ी संख्यां 20840 न्यू दिल्ली रांची राजधानी एढ के इंजन से धक्का लग गया।

## एक झलक

### खूंटी लोकसभा क्षेत्र में गर्मी के साथ-साथ चुनावी माहौल भी काफी तेजी से बदल रहा

**तमाड़ :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र में गर्मी के साथ-साथ चुनावी माहौल भी काफी तेजी से बदल रहा है। चुनाव के माहौल को देखते हुए अबुआ झारखंड पार्टी के शीर्ष नेताओं ने बैठक रखी। बैठक में निर्णय लिया गया की खूंटी लोकसभा के इंडिया प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को अपना समर्थन देगी। पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन का जितना जरूरी है। पार्टी के केंद्रीय सह सचिव अब्राहम हस्सा ने कहा की वे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ मिलकर कर कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करेगी।

### पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर मंदिर के अतिक्रमित जमीन मुक्त

**बेतिया :** पटना हाईकोर्ट के आदेश पर शनिवार को सीओ आशीष आनंद के नेतृत्व में इनरवा थाना क्षेत्र के दिउलिया गांव में मंदिर के अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया गया।सीओ आशीष आनंद ने बताया कि दिउलिया गांव स्थित देवी स्थान के अतिक्रमित भूमि खाता संख्या 145 खेसर 164 पर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कर लिया गया है। मौके पर बतौर मजिस्ट्रेट बीपीआरओ गोविंद कुमार के अलावे मैनाटांड़, इनरवा और भंगहा थाने के पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहें। उक्त मामले को लेकर विगत 3 वर्षों से अंचल से लेकर पटना हाई कोर्ट तक वाद चला। उसके बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमित जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

### सृजन मेला शुरू, पहले दिन हुई समूह प्रतियोगिता

**भागलपुर :** भागलपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर कला केंद्र में शनिवार को आयोजित सृजन मेला का समारोहपूर्वक दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी और सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे। आज समूह गान, समूह नृत्य, नाटक, एकल अभिनय की प्रतियोगिताएं हुई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से भी आए प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। सृजन मेले का आगाज काफी शानदार रहा। समूह गान में बाल भवन, किलकारी के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर डी.ए.वी स्कूल के प्रतिभागी आए और तृतीय पुरस्कार के हकदार रहे देव भट्टाचार्य ग्रुप। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सृजन मेला के मुख्य समारोह 8, 9,10 मई 2024 के सांध्यकालीन कार्यक्रमों में मंच प्रस्तुति का मौका मिलेगा। सृजन मेले में दिनकर पुस्तकालय, भागलपुर द्वारा खास तौर पर बच्चों किशोरों की अभिरुचि के पुस्तकों का एक स्टॉल भी लगाई गई है। बच्चों, अभभावकों में इसके लिए आकर्षण देखा गया। पूरे आयोजन में टीएमबीयू के पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रो.योगेंद्र, प्राध्यापक डॉक्टर श्रीकांत, डॉक्टर अलका सिंह, उज्वल घोष, नीना मैडम, उर्दू साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर डॉक्टर हबीब मुर्शीद, शिक्षिका प्रीती कुमारी, सुषमा, महजबीं, फणिचंद्र सिंह तथा अनेक स्कूलों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में अविभवकगण शिरकत कर रहे थे।

### एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने किया रोड शो

**अररिया :** भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को फारबिसगंज और जोगबनी में रोड शो किया। रोड शो ढोलबज्जा से शुरू होकर टिकुलिया चौक पर जाकर सम्पन्न हुआ। प्रदीप कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फारबिसगंज विधानसभा अंतर्गत ढोलबज्जा से फारबिसगंज कॉलेज चौक होते हुए पटेल चौक, सदर रोड होते हुए सुभाष चौक बथनाहा, जोगबनी मार्केट, जोगबनी स्टेशन से टिकुलिया चौक पर जाकर रोड शो को सम्पन्न किया। रोड शो के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदीप कुमार सिंह के इस रोड शो में शामिल हुए। प्रदीप कुमार सिंह ने अपने रोड शो के दौरान कहा कि यह जनसैलाब मुझे आश्वस्त कर रहा है कि इसबार फिर तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने को लेकर उत्साहित है। अररिया मेरा घर है और यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य है।

# लालू ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर कोटा देने की मांग की थी : पीएम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दरभंगा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के शहजादे (तेजस्वी यादव) के पिता (लालू यादव) ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर रेलवे में उन्हें कोटा देने की मांग की थी। ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का हक भी बंटेगा। पासवान, मुसहर और रविदास समाज के हक पर ये डाका डालने की फिराक में हैं।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को बिहार के दरभंगा स्थित राज मैदान में भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह एक शहजादे (राहुल गांधी) हैं, उसी तरह पटना में भी एक शहजादे (तेजस्वी यादव) हैं। एक शहजादा पूरे देश को तो दूसरा पूरे बिहार को अपनी जागीर समझता है। कोरोना काल में बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन वालों ने गलत किया था। महाराष्ट्र समेत जिन राज्यों में इंडी गठबंधन की सरकार थी, वहां से बिहार के लोगों को भगा दिया गया। बिहार



के लोगों को बसों में बैठाकर बीच रास्ते में छोड़ दिया गया। पीएम मोदी ने अपने शासनकाल की उपलब्धियों पर कहा कि आज भारत ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। दस साल पहले भारत दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। बीते 10 साल में हम पांचवें नंबर पर पहुंच गए। कोरोना काल में 100 साल के बाद बड़ा संकट आया था। दुनिया सोचती थी भारत बर्बाद हो जाएगा लेकिन उस समय हमने अपना सामर्थ्य दिखाया और देश उस संकट से बाहर निकला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबी चर्चा के बाद हमारा संविधान बना। बाबा साहेब आंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद जैसे बड़े-बड़े विद्वानों ने धर्म के आधार पर आरक्षण पर लंबी चर्चा की। 77 साल पहले उन्होंने तय किया कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। देश को फिर से नहीं बांट सकते हैं। बाबा साहेब ने इसके खिलाफ खुलेआम वकालत की। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। अब हमारे गरीब एससी, एसटी और ओबीसी का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। कांग्रेस नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ पर छुरा घोंप रही है। इस साजिश में आरजेडी भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

प्रधानमंत्री ने भाषण में कहा कि दरभंगा में विकास की धारा बह रही है। यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अमृत भारत ट्रेन और आधुनिक सड़कें यानी हर तरफ काम हो रहा है। दरभंगा एम्स की अड़चनों को भी दूर किया जा रहा है। दरभंगा में आईटी पार्क भी बना, जिसे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मिथिला में मखाना, लीची और आम खूब होता है। अच्छी सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर से इनका एक्सपोर्ट दुनियाभर में बढ़ेगा। इससे पहले मोदी ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे से भाषण की शुरूआत की। साथ ही राम मंदिर बनने की बधाई दी।

## लोकसभा चुनाव में जो आंकड़ें आयेंगे वो प्रधानमंत्री को चौकायेंगे : मनोज झा

**एजेंसी**

**सहरसा :** मधेपुरा लोकसभा चुनाव तीसरे चरण मे सात मई को निर्धारित है ।वही रविवार को चुनाव प्रचार कार्य बंद हो जायेगा,जिसे देखते हुए सभी दल अंतिम समय में चुनाव प्रचार की गतिविधि के तहत चुनावी सभा एवं रोड शो का आयोजन किया जा रहा है ।उसी क्रम में शनिवार को राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने जिला कांग्रेस कार्यलय में प्रेसवार्ता आयोजित कर राजद प्रत्याशी प्रो चंद्रदीप यादव के पक्ष मे मतदान कर भारी मतो से जीताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजद प्रत्याशी सुयोग्य कर्मठ एवं निष्कलंक व्यक्ति है ।वही उनका पूरा परिवार समाज सेवा मे संलग्न है ।इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए जमकर आलोचना की।

सांसद झा ने बताया कि तेजस्वी यादव के द्वारा जो परिवर्तन पत्र लाया गया है। यह घोषणा पत्र आसमानी मुद्दों की बात नहीं करती इसमें बेरोजगारों को एक करोड़ नौकरी 15 अगस्त के अवसर पर देने, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को प्राइवेटाइजेशन नहीं करने, भूमिहीन को जमीन देने, गरीब महिलाओं को एक लाख रुपया देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार सभी नौकरी को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण आरक्षण भी बंद है। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही कभी मुद्दों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मधेपुरा सुपौल का नहीं है यह चुनाव जन सरोकार के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर में हाथ जोड़कर प्रार्थना करने वाले लोगों को भी भूख लगती है। मंदिर में खड़ा व्यक्ति को भी रोटी की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए नौकरी और रोजगार इंडिया गठबंधन के द्वारा दिया जाएगा।

## तबियत खराब के बावजूद चुनावी सभा में डटे रहे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद, कुर्सी पर बैठ कर किया संबोधन

**एजेंसी**

**अररिया :** अररिया के नरपतगंज हाई स्कूल के मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया ।शुक्रवार को चुनावी जनसभा में तबियत खराब होने का असर शनिवार को भी तेजस्वी प्रसाद में देखने को मिला ।उन्होंने अपना संबोधन कुर्सी पर बैठकर ही दिया,जिसमे उनके निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार रहे।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने भाषण के टेप को सुनाते हुए आमजनों से उनके द्वारा किए गए सवाल को दोहराते हुए भीड़ से कहा कि अब तो मोदी जी न



महंगाई पर कुछ बोलते हैं और न गरीबी पर ।बिहार को विशेष राज्य दर्जा के सवाल पर तो चुप्पी ही साध रखे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि मोदीजी ने 50 दिन मांगे थे और दस साल हो गए है ।40 में 39 सीट के बावजूद बिहार को ठगने का काम किया ।उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री पर व्यंग्य करते हुए कहा कि चाचाजी जहां भी रहे स्थिर और सुखी रहे ।माता पिता का संस्कार है। बड़ो का आदर करते हैं। उन्होंने कहा कि अररिया और नरपतगंज का यह इलाका मक्का और मखाना का उत्पादक क्षेत्र है,लेकिन आज तक इस इलाके में एक भी फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं लगाया गया ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब अपने भाषण में मंगलसूत्र छीन लेने की धमकी देते हैं और यही हालात रहा तो कुछ दिन आपके घर के आगे के भैंस के भी छीन लेने की बात कहकर डराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि देश उनके गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति साल एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे ।रक्षा बंधन के दिन गरीब लाचार बहनों को एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

## शिवहर की जनता नरेन्द्र मोदी को फिर से बागडोर सौंपने को आतुर : आनंद मोहन

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** शिवहर संसदीय क्षेत्र के लिए मेरा 27 महीनों का कार्य 27 सालो पर भारी है। शिवहर में इस बार जनता बनाम पार्टी की लड़ाई चल रही है, जो अब,आंदोलन का रूप ले ली है। शिवहर में एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद की किसी से भी लड़ाई नहीं है। लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से देश की बागड़ोर सौंपने को आतुर है ।उक्त बाते शनिवार को पूर्व सांसद आनंद मोहन ने शनिवार को मोतिहारी में पत्रकारो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के लिए जितना काम किया। उतना किसी ने नहीं किया ।सभी इलाको में सड़के एवं बिजली देखी जा रही है,और कुछ लोग बिहार को लालटेन युग में लेना जाना चाहते है। उन्होने कहा कि हमने तत्कालीन रेलमंत्री रामविलास पासवान से मिलकर शिवहर को रेल लाईन से जोड़ने का आग्रह किया। फलस्वरूप उन्होने सर्वे का आदेश दिया। सरकार की ओर से पांच लाख रुपए आवंटित भी हुए लेकिन आजतक कार्य नहीं कराया जा सका। अगर लवली आनंद चुनाव जीत जाती है, तो सर्वप्रथम शिवहर में रेललाईन पर ट्रेन दौड़ाने का काम किया जायेगा। साथ ही बंद रीगा चीनी मिल को किसानो के हित में खुलवाया जायेगा। उन्होने विरोधियो के आरोप पर कहा कि बाहुबली कहने वाले क्यों नहीं मेरी लिखी उस पुस्तक की चर्चा करते है।


## चिकित्सा सेवा में पारामेडिकल के नये अध्याय की शुरुआत : डॉ रजनीश



**एजेंसी**

**सहरसा :** जिले के सोनवर्षा नगर पंचायत क्षेत्र के नारायण बिहार सोहा स्थानीय रामचंद्र विद्यापीठ पारामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को सत्र 2021 के ड्रेसर एवं डिप्लोमा लैब टेक्निशियन फाइनल परीक्षा के सफल छात्र छात्राओं को कॉलेज द्वारा सम्मानित किया गया ।रामचंद्र विद्यापीठ के सफल सभी छात्रों में से डीएमएलटी के तीन छात्र ने बिहार में टॉप टेन में स्थान हासिंल किया है। ड्रेसर कोर्स में सभी छात्र छात्राओं मे शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल कर अपने महाविद्यालय सहित अपने माता पिता के नाम को गौरवान्वित किया है ।इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन कुमार सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है। इस उपलब्धि को बड़ी उपलब्धि बताते हुए रामचन्द्र विद्यापीठ पैरामेडिकल कॉलेज की निदेशक सह भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन ने बताया कि परीक्षा समाप्ति के साथ ही छात्र छात्राएं विभिन्न अस्पतालों में अपना कार्य प्रारंभ कर चुका हैं।

## रातू पिर्रा में बाइक की चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** थाना क्षेत्र के पिर्रा रेडियोस्टेशन के पास शनिवार की दोपहर चोरो ने बाइक को चोरी कर फरार हो गये। बाईक चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मामले को लेकर भुक्तभोगी इलताब अंसारी ने बताया कि वह शनिवार की दोपहर पिर्रा रेडियोस्टेशन रोड स्थित इलेक्ट्रनिक दुकान हिंदुस्तान सेल्स नामक दुकान के बाहर अपनी लाल रंग की अपाची बाइक जेएच01डीटी-7229 को खड़ा कर दुकान के अंदर चला गया। कुछ देर बाद दुकान से बाहर निकला तो बाइक गायब था। दुकान में लगे सीसीटीवी में देखने पर लगभग 2:30 बजे दो युवक एक बाइक में सवार होकर आये। और दुकान के कुछ दूर पर बाइक खड़ा कर एक युवक अपाची बाइक को पेट्रोल पंप की ओर धकेल कर कुछ दूर ले गया और उसके बाद बाइक लेकर फरार हो गये। मामले को भुक्तभोगी आमटांड निवासी अल्ताब अंसारी अंसारी ने रातू थाने में चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

## इण्डिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वी सहाय की होगी ऐतिहासिक जीत : अमाल खान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता अमाल खान ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वी सहाय की ऐतिहासिक जीत होगी। एक पढ़ी-लिखी व काबिल प्रत्याशी के रूप में यशस्वी सहाय रांचीवासियों का दिल जीत रही हैं। गांव-गांव में लोग फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार को जीताने के लिए कांग्रेसी कृत संकल्पित हैं। बताया कि वे कई कांग्रेसियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर यशस्वी सहाय के पक्ष में वोट देने की अपील कर रही हैं। गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वी सहाय के पक्ष में लोगों का रुझान देखकर ऐसा लगता है। कि जीत से



उन्हें कोई रोक नहीं सकता। अमाल खान ने रांची संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि भ्रष्टाचारमुक्त शासन के लिए इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को जीताना जरूरी है। एक सवाल के जवाब में अमाल खान ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी को जीतने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश व संविधान के प्रति बेहतर सोच रखने वाले मतदाता इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वी सहाय के पक्ष में मतदान करें। कहा कि भाजपा सरकार इलेक्ट्राल बांड के माध्यम से देश सबसे बड़ा घोटाला किया है। यह देश के लिए बड़ी ही चिंताजनक बात है। कहा कि भाजपा वाले यह नहीं बता रहे हैं कि 10 वर्ष में मोदी जी ने क्या किया। बल्कि पूछ रहे हैं कि 10 वर्ष पूर्व कांग्रेस ने क्या किया। कहा कि बीजेपी को हटाना देश हित में जरूरी है। कहा कि यशस्वी सहाय की स्थिति बेहतर है। हर हाल में चुनाव जीतेंगी। आगे उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वी सहाय के पक्ष में आंधी चल रही है ।एक पढ़ी-लिखी व आदर्श नेत्री हैं। सांसद बनने के पश्चात रांची लोकसभा क्षेत्र का चौहुंमुखी विकास होगा।

## स्वीप कोषांग ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली साइकिल रैली

**एजेंसी**

**सहरसा :** जिला स्वीप कोषांग की ओर से शनिवार को लोक सभा आम निर्वाचन के निमित जिलांतर्गत तृतीय चरण में 7 मई को होने वाले मतदान प्रक्रिया में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाहरणालय परिसर से साइकिल रैली का आयोजन किया। केंद्रीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों से संबंधित छात्राओं के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित साइकिल रैली को वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला,जिला स्वीप आइकॉन संचिता बासु एवं अन्य उपस्थित गणमान्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।उक्त अवसर पर उपविकास आयुक्त ने




जिलांतर्गत सभी मतदाताओं से तृतीय चरण में सात मई को होने वाले मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा की प्रत्येक मतदाता को संविधान प्रदत मतदान के अधिकार का निश्चित रूप से प्रयोग करना चाहिए ।मताधिकार मतदाताओं को इच्छानुसार जनप्रतिनिधि के चुनाव एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का सुअवसर प्रदान करता है।

उन्होंने कहा की निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम व्यवस्था के तहत मूलभूत सुविधाओं यथाःपुरुष महिला हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, विद्युत, स्वच्छ पेयजल, छांव हेतु टेंट,शामियाना के अतिरिक्त दिव्यांग मतदाताओं, 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं हेतु व्हील चेयर, स्वयंसेवक एवं आवश्यकतानुसार ऐसे मतदाताओं हेतु नियमानुसार वाहन की व्यवस्था भी की जा रही है। तटबंध के उस पर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर ले जाने हेतु निःशुल्क नाव की व्यवस्था भी की जाएगी। जिलांतर्गत सभी मतदाताओं से तृतीय चरण में होने वाले मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वायदा महज जुमला : तेजस्वी

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हमारी 17 महीने की सरकार में पांच लाख युवक-युवती को सरकारी नौकरी दी। नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया। आशा, सेविकाओ का मानदेय बढ़ाया। हमारे चाचा को भाजपा हाइजेक नहीं करती तो अबतक लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी दे देते। प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने जो जनता से वादा किया था, वह सब जुमला ही साबित हुआ है। महंगाई आसमान छू रही है, बेरोजगारी चरम पर है। किसानों की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। परंतु हमारे प्रधानमंत्री को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मोदी सरकार




तानाशाह हो गई है, जो भी इनके विरुद्ध आवाज उठाता है। उसे जेल में डाल देते हैं। दो-दो मुख्यमंत्री को उन्होंने जेल में डाल दिया, लेकिन हमलोग उनसे डरने वाले नहीं हैं। जब लालू ही उनसे नहीं डरते हैं तो उनका बेटा डरेगा क्या। अंत में उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी रितु जायसवाल घर की बहन-बेटी हैं। डॉ. राजेश कुशवाहा घर के बेटे हैं। इसलिए अधिक से अधिक मतों से जिताएं।

वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी ने कहा कि हमारी लड़ाई ऐसी सरकार से है, जो देश का संविधान बदलने व गरीबों से आरक्षण छिनना चाह रही है। आज देश में बेरोजगारी महंगाई बढ़ा रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे। इस अवसर पर शिवहर से राजद प्रत्याशी रितु जायसवाल एवं पूर्वी चम्पारण से वीआईपी के डॉ. राजेश कुशवाहा सहित कईयों ने अपने विचार रखे।

## मधेपुरा संसदीय चुनाव को त्रिकोणीय बनाने के लिए प्रयासरत है आदर्श मिथिला पार्टी

**एजेंसी**

**सहरसा :** मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को चुनाव कराए जायेगें। जिसे देखते हुए सभी प्रत्याशी मैदान में घर घर जाकर चुनाव प्रचार कर मतदाताओ को गोलबंद कर रहें है ।हालांकि चुनाव मैदान में एनडीए एवं राजद उम्मीदवार के बीच कड़ी टक्कर होने के आसार है ।वही मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए आदर्श मिथिला पार्टी उम्मीदवार ई सुरेश्वर पोद्दार अथक प्रयास में लगे है। पौद्दार गैस चुल्हा चुनाव चिन्ह पर मतदान करने के लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान चला रहे है ।ई सुरेश्वर पोद्दार ने कहा कि मैने सरकार के ईजीनियर पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होकर समाज सेवा मे अनुभव के साथ आया हू ।मेरे पास विगत चालिस वर्ष का अनुभव प्राप्त है जिसका लाभ जनता को अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य अलग मिथिला राज्य निर्माण कार्य है। अलग राज्य होने से इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा ।इसके लिए व्यापक रूप से रोडमैप तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत हर जिले में कल कारखाने लगाकर पलायन की समस्या का निराकरण किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर में लगने वाली जाम की समस्या को भी अंडरपास बनाकर दूर किया जाएगा। वहीं पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिथिला राज्य निर्माण के लिए यहां के लोग काफी उत्सुक होकर मुझे अपना जन समर्थन दे रहे है जिससे मैं काफी उत्साहित हूं ।इस अवसर पर श्रीकांत पोद्दार एवं पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि मिथिला एवं मैथिली को बढ़ावा देने के लिए अलग मिथिला राज निर्माण आवश्यक है।

## एक झलक

### हार के बाद पांड्या ने कहा : अभी मैं कुछ बोलने की स्थिति में नहीं

**नयी दिल्ली :** मुंबई इंडियंस के लिए वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले को जीतने के लिए आंकड़े पक्ष में थे लेकिन हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई ने पहले गेंदबाजी और बाद में बल्लेबाजी में इतनी गलतियां की कि उन्हें हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ ही मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। मैच खत्म होने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने हार के कारणों पर बात की। उन्होंने कहा कि अगर देखा जाए तब मेरा मतलब है कि स्पष्ट रूप से बल्लेबाजी पारी में हम साझेदारी नहीं बना सके और विकेट खोते रहे। यह बड़ा कारण बना। टी20 में यदि आप साझेदारी नहीं बनाते हैं तो यह आपको महंगा पड़ता है। हार्दिक ने कहा कि ज्यादा नहीं पर बहुत सारे सवाल हैं लेकिन उनका जवाब देने में थोड़ा समय लगेगा लेकिन अभी ज्यादा कुछ कहने को नहीं है।

### इंपेक्ट प्लेयर रूल की श्रेयस अय्यर ने की तारीफ

**नयी दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स ने अब तक वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मुकाबले खेले हैं जिसमें वह 2 ही जीत सकी हैं। पहली जीत कोलकाता को साल 2012 में मिली थी। 2024 में वह दूसरी जीत दर्ज करने में सफल हुई। मुंबई को 24 रन से हराने के बाद केकेआर कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि मेरी अभी स्टार्सी (मिशेल स्टार्क) से बात हो रही है। उन्हें मैंने बताया कि यह खेल हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण था। श्रेयस ने इंपेक्ट प्लेयर रूल पर कहा कि निश्चित रूप से इस प्रभाव खिलाड़ी नियम से हमें इस खेल में मदद मिली है। मनीष पहले दिन से ही मौके की तलाश में था। आज मनीष यह मिल गया। हम सराहनीय स्कोर तक पहुंचे। मुझे लड़कों से बस इतना कहना था कि हम अपनी गेंदबाजी लाइनअप से इसका बचाव कर सकते हैं। मैच जीतने के बाद वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि आज बहुत अच्छा लग रहा है। हम 12 साल में वानखेड़े में कभी नहीं जीते थे। यहां जीतना बहुत अच्छा लग रहा है। हम अभी भी आश्वस्त थे।

### पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती है टेटे खिलाड़ी विजया

**हैदराबाद :** यूटीटी पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र की पदक विजेता विजया दीपिका गंगापट्टनम का लक्ष्य अब पैरालिंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। विजया ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल में रजत और युगल में अपने जोड़ीदार के साथ कांस्य पदक जीता है। विजया का यहां तक का सफर जुझारु क्षमता की मिसाल है। हव हड्डियों की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिसके कारण उसके शरीर में 45 फ्रैक्चर हैं। यहां तक कि झटके लगने पर भी हजिंदगी हड्डी टूट जाती है। इसके बाद भी कठिन परिश्रम कर विजया ने टेबल टेनिस खेलकर अपनी किस्मत बदली है। विजया का भाई भी टेबल टेनिस खेलता है। उसे इस खेल में पिता का पूरा समर्थन मिला। विजया के पिता ने कहा कि उसे जन्म के दौरान भी फ्रैक्चर का सामना करना पड़ा क्योंकि डॉक्टरों को उसकी पहले से स्थिति के बारे में पता नहीं था। विजया के ज्यादातर फ्रैक्चर तब हुए जब वह छोटी थी और घुटनों के बल चल रही थी।

### आईपीएल से निकला नया सितारा नीतीश

**नयी दिल्ली :** आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा नीतीश रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन किया है। नीतीश ने राजस्थान रॉयल्स ओर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलों में जिस प्रकार दबाव के बीच ही आक्रामक पारियों खेली हैं। उससे माना जा रहा है कि वह भविष्य में टीम इंडिया के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आयेंगे। नीतीश ने राजस्थान के खिलाफ हुए मुकाबले में जिस प्रकार दबाव के बीच ही अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई उससे उनकी क्षमताओं का अंदाज होता है। नीतीश सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं।

# आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स





एजेंसी

**धर्मशाला :** पिछली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। पंजाब की कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। 3 दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा। धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे, तब दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। इसके बाद बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए। इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहेगी है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इसके बाद टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग कर सकती। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

## आईपीएल इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले गेंदबाज बने पीयूष चावला

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। चावला ने पावरप्ले के बाद पहली गेंद पर खतरनाक रिंकू सिंह को आउट किया, जिससे वह ड्वेन ब्रावो से आगे निकल गए और 184 विकेट लेकर दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राजस्थान रॉयल्स के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल इस लीग के इतिहास में 200 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो 123 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंद बाज भुवनेश्वर कुमार 178 विकेट लेकर चौथे स्थान पर हैं। चावला ने मैच में 3 ओवर में 15 रन देकर 1 विकेट लिया। मैच की बात करें तो केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे के बीच 83 रनों की साझेदारी की बदौलत सभी विकेट खोकर 169 रन बनाए।



## केकेआर से हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहा

# हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा

एजेंसी

**मुंबई :** आईपीएल मे शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रन से हरा दिया। केकेआर के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 145 रन पर ढेर हो गई। इस हार से कप्तान हार्दिक पंड्या काफी परेशान दिखे। उनसे हार का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा। मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने थोड़ा संघर्ष किया। बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट गंवाते गए। बहुत सारे सवाल हैं और इन सब के जवाब ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा। हार्दिक पंड्या केकेआर के खिलाफ सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, इससे पहले उन्होंने मैच में 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने केकेआर की पारी को 169 रन तक रोकने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अगर मैं गलत नहीं हूं तो दूसरी पारी में ओस के कारण विकेट बेहतर हो गया। हमें देखना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। खेल में संघर्ष जारी रखा जाता है। मैं भी अपनी टीम के खिलाड़ियों से यही कहता हूं। बता दें कि मुंबई की टीम आईपीएल 2024 की प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर हो गई है। वह अपने 11 में से 8 मैच हार चुकी है और 6 अंक के साथ पॉइंट टेबल में नौवें नंबर पर है। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ही टेबल में उससे नीचे हैं, लेकिन बेंगलुरू को मुंबई से एक मैच ज्यादा खेलना है। बेंगलुरू की टीम 10 में 7 मैच हार चुकी है देखना है कि वह प्लेऑफ में खेलती है या नहीं।



## टी-20 विश्व कप 2024 : यूएसए की टीम में शामिल हुए न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** यूएसए क्रिकेट ने शुक्रवार को आगामी आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। 1 जून से शुरू होने वाले इस टूनामेंट की मेजबानी यूएसए और वेस्टइंडीज संयुक्त रूप से करेंगे। टीम में न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को शामिल किया गया है। एंडरसन ने तीन विश्व कप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। टीम की अगुआई एक बार फिर मोनंक पटेल करेंगे। यही टीम विश्व कप से पहले ह्यूस्टन, टेक्सास में बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी-20 द्विपक्षीय मैच भी खेलेगी। विश्व कप टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज शायन जहांगीर को शामिल किया है, जो गजानंद सिंह की जगह लेंगे। पाकिस्तान के पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी जहांगीर को कनाडा टी-20 सीरीज के लिए आश्चर्यजनक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि वह जिम्बाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। हालांकि, कनाडा सीरीज में 1* और 0 के स्कोर के साथ विफलता के आधार पर बाहर किए जाने के बाद गजानंद को बुरा लग सकता है। यूएसए के करिश्माई खिलाड़ी अली खान लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापस लौटे हैं।

## मैड्रिड ओपन : खिताबी मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे का सामना आंद्रे रुबलेव से



एजेंसी

**मैड्रिड :** मैड्रिड ओपन के फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे का सामना रविवार को आंद्रे रुबलेव से होगा। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स को जिरी लेहेका के खिलाफ वॉकओवर मिला जबकि रुबलेव ने टेलर फ्रिट्ज को हराया। ऑगर-अलियासिमे और लेहेका के बीच शुक्रवार शाम का मैच तीन-तीन से बराबरी पर था, तभी चेक खिलाड़ी लेहेका ने पीठ की समस्या की शिकायत की। उपचार के बाद उन्होंने खेलना जारी रखने का प्रयास किया, हालांकि वे वापसी की कोशिश करते हुए दर्द से जमीन पर गिर पड़े और कोर्ट से बाहर निकलते समय उनकी आंखों में आंसू आ गए। ऑगर-अलियासिमे ने कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि ऐसा हो रहा है, जब उसने (लेहेका) अपने हाथ अपनी पीठ पर रखे। मुझे उसके लिए वाकई बहुत बुरा लग रहा है। मुझे नहीं पता कि जब उसे पता चला कि वह आगे नहीं खेल सकता तो उसने क्या सोचा होगा। मुझे जिरी के लिए वाकई बहुत दुख है, लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता। रुबलेव ने केवल 73 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रिट्ज को 6-4, 6-3 से हराया। मैच के बाद रूसी खिलाड़ी रुबलेव ने कहा, ?जब उन्होंने मेरी सर्विस तोड़ी, तो मैंने सोचा, ठीक है, यह तो बस शुरूआत है, हमारे पास एक लंबा सेट है और हम देखेंगे। हो सकता है कि वह अपनी सर्विस पर भी अच्छी शुरूआत न करें।

## टी-20 विश्व कप टीम का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं हुआ : जडेजा

### कोहली को ओपनिंग तो रोहित को तीसरे नंबर पर उतारें



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर अजेय जडेजा ने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन पर सवाल उठाए हैं। जडेजा ने कहा है कि चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप में विराट कोहली को ओपनिंग में उतारने की सलाह दी है जबकि रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर खिलाने का आग्रह किया है। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने 30 अप्रैल को टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दी है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया का सामना उसके खास प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। टीम चयन को लेकर अजय जडेजा ने कहा कि विराट कोहली को पारी की ओपनिंग करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतारा जाना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जायेगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिल जाएगा। जडेजा ने खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन किया है। जडेजा ने कहा कि चोट के बाद पंड्या ने आईपीएल में वापसी की लेकिन वह ना तो बल्ले से और ना ही गेंद से अभी तक अपने आप को मजबूत साबित कर पाए हैं। मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या की टीम पर आईपीएल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अजेय जडेजा ने कहा कि वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

## इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की पहली सूची जारी की



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने शनिवार को भुवनेश्वर शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की अपनी पहली सूची जारी की है। इस शिविर का आयोजन कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड 2 मैचों की तैयारी के लिए किया जा रहा है। संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची कुछ दिनों में घोषित की जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि संभावित खिलाड़ियों की पहली सूची में मोहन बागान सुपर जायंट्स और मुंबई सिटी एफसी के खिलाड़ी शामिल नहीं हैं क्योंकि वे आज कोलकाता में होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल में हिस्सा लेंगे। स्टिमैक इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर डालना चाहेंगे ताकि सबसे फिट खिलाड़ियों को दूसरी सूची में शामिल किया जा सके। भारत 10 मई को ओडिशा की राजधानी में अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। भारतीय टीम ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगी और फिर 11 जून को दोहा में कतर का सामना करेगी।

## 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल कराये



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वानखेड़े स्टेडियन में खेले गए आईपीएल के एक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली है। केकेआर ने मुंबई को 170 रन का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में मुंबई ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। क्रीज पर टिम डेविड जमे थे उनसे मुंबई को जीत की उम्मीद थी, लेकिन 19वां ओवर में मिचेल स्टार्क ने चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मिचेल स्टार्क आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए देकर अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार्क पर केकेआर की इस उम्मीद पर खरा उतरने का दबाव है, जो शुरूआती मैचों नहीं दिखा। इससे उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा था, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले मैच में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच से मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल करा दिए। मिचेल स्टार्क जब मुंबई की पारी का 19वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड ने पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। मिचेल इससे पहले आरसीबी के खिलाफ आखिरी ओवर में 3 छक्के पड़वा चुके थे और केकेआर के फैंस के जेहन में वही यादें ताजा हो गई, लेकिन मिचेल बार-बार एक ही गलती नहीं करते। इस बार मिचेल अलग अंदाज में सामने थे और उन्होंने छक्का मारने वाले डेविड को अगली ही गेंद पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवा दिया। स्टार्क ने इसके बाद ओवर की तीसरी गेंद पर पीयूष चावला और पांचवीं गेंद पर कोएत्जी को बोल्ड किया। मिचेल स्टार्क ने अपने इस ओवर के स्पेल में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ चौथा मौका है जब केकेआर के किसी गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 4 विकेट लिए। हालांकि, इस प्रदर्शन के बावजूद स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाए। यह अवॉर्ड केकेआर के ही वेंकटेश अय्यर को मिला।

## कोपा अमेरिका से पहले दोस्ताना मैच में आमने-सामने होंगे कोस्टा रिका, उरुग्वे



एजेंसी

**सैन जोस :** कोस्टा रिका और उरुग्वे इस महीने के अंत में एक मैत्रीपूर्ण मैच के जरिये इस साल के कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारियां तेज करेंगे। कोस्टा रिका फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मैच 31 मई को कोस्टा रिका की राजधानी सैन जोस के राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। कोस्टा रिका और उरुग्वे के बीच पिछले सात मैचों में दोनों टीमों ने दो-दो जीत दर्ज की है और तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। कोस्टा रिका 24 जून को ब्राजील के खिलाफ कोपा अमेरिका में अपने अभियान की शुरूआत करेगा, उसके बाद ग्रुप चरण में पैराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा। उरुग्वे को 23 जून को पनामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करनी है और उसे टूनामेंट के पहले चरण में बोलिविया और संयुक्त राज्य अमेरिका का भी सामना करना है।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष टीम घोषित की



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने शनिवार को 20 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप दौरे पर जाने वाली भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे पर टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ तीन देशों में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया की पहल के तहत भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी, ताकि टीम को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। वे अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे, उसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी, उसके बाद 28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी। टीम 29 मई को अपने दौरे के अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी को उनका डिप्टी बनाया गया है। कप्तान रोहित ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हम अपने कैंप में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना शानदार होगा, इससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के अनुभव के माध्यम से बेहतर होने में मदद मिलेगी।" टीम के उप-कप्तान शारदानंद तिवारी ने कहा,"यह एक शानदार अनुभव होगा और यह मूल्यांकन करने में बहुत मददगार होगा कि हम एक टीम और व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में कहां खड़े हैं। यह हमारी ताकत का पता लगाने और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इसका पता लगाने का एक शानदार तरीका होगा।"

**भारतीय जूनियर टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर :** प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह।

**डिफेंडर :** शारदानंद तिवारी (उपकप्तान), योगंबर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालम प्रियो बार्टा।

**मिडफील्डर :** अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए।

**फॉरवर्ड :** सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह।



डेनमार्क के बीच क्वार्टर फाइनल जीतने का जश्न मनाते चीनी ताइपे टीम के सदस्य।

## एक झलक

### टाइटन का मुनाफा मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** टाइटन कंपनी का मुनाफा बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 771 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 736 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा कि उसकी कुल आय बीते वित्त वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 11,472 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 9,419 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का मुनाफा 3,496 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 3,274 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 47,501 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 38,675 करोड़ रुपये थी।


### हमारे स्लीप थेरेपी उपकरण भारत में उपयोग के लिए सुरक्षित : फिलिप्स

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** डच हेल्थकेयर कंपनी फिलिप्स का कहना है कि उसने भारत में अपने दोषपूर्ण स्लीप थेरेपी उपकरण सुधार लिए हैं। मौजूदा परीक्षणों के आधार पर उसका कहना है कि उनके निरंतर उपयोग से सेहत को कोई ज्यादा नुकसान होने की संभावना नहीं है। बाई-लेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (बाईपैप) मशीनों के कुछ मॉडलों में फोम के क्षरण की समस्या आने पर कंपनी को जांच का सामना करना पड़ा है। इस वजह से इसके उपयोगकर्ताओं को सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो गया था। स्लीप एपनिया के इलाज के लिए बाईपैप और कंटिन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (सीपैप) उपचार वाले उपकरणों का उपयोग किया जाता है। स्लीप एपनिया नींद का ऐसा गंभीर विकार है, जिसमें सांस बार-बार रुकती और चलती है। फिलिप्स ने जून 2021 में अपनी प्रतिक्रिया में सीपैप और बाईपैप उपकरणों के संबंध में फील्ड सेफ्टी नोटिस जारी किया था, जिसमें ध्वनि कम करने वाले फोम के क्षरण को लेकर चिंताओं का हवाला दिया गया था, जिसके कारण श्वसन मार्ग में कण और रसायन जा रहे थे।

### बायजू के खिलाफ एनसीएलटी के समक्ष विक्रेताओं के दावे 190 करोड़ तक पहुंचे

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** संकट का सामना कर रही बायजू के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष विक्रेताओं के कुल दावे 190 करोड़ रुपए तक पहुंच गए हैं। सूत्रों ने कहा कि इसमें हैंडसेट विनिमार्ता ओप्पो ने एक करोड़ रुपए का नया दावा दायर किया है। बायजू के लिए बढ़ते दावे ऐसे समय में सामने आए हैं, जब यह निवेशकों के साथ विवाद के कारण राइट इश्यू से जुटाए गए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि को हासिल नहीं कर पाई है। एक सूत्र ने कहा कि एनसीएलटी के समक्ष बायजू के खिलाफ कुल 190 करोड़ रुपए के दावे किए गए हैं। इसमें चीनी मोबाइल कंपनी ओप्पो का एक करोड़ रुपए का दावा भी शामिल है। इस मामले पर बायजू और ओप्पो को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने बायजू के खिलाफ 158.9 करोड़ रुपए का सबसे बड़ा दावा दायर किया है। इसके बाद कॉजेंट ई-सर्विसेज ने 6.7 करोड़ रुपए और टेलीपरफॉर्मेंस बिजनेस सर्विसेज ने पांच करोड़ रुपए का दावा किया है। एक सूत्र ने कहा कि सभी दावे विवादित हैं और वास्तविक बकाया इससे कम हो सकता है।

# शेयर बाजार में तीन दिन तेजी, एक दिन गिरावट रही



**मुंबई (ईएमएस) :** बीते सप्ताह शेयर बाजार के कम कारोबारी दिनो में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। सप्ताह की शुरूआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स में एक फीसदी की तेजी रही और निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में लगातार चार महीनों तक महंगाई बाजार की उम्मीदों से अधिक रहने से मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। मई के पॉलिसी में अमेरिकी फेड ने अपने मुद्रास्फीति लक्ष्य की दिशा में सीमित प्रगति को स्वीकार किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि महंगाई को लेकर अनिश्चितता बना हुआ है। इसका असर भी बाजार पर देखने को मिला। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर बाजार की अटकलों के कारण भी बाजार में बेतहाशा उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि जैसे-जैसे 4 जून के चुनाव नतीजों की तारीख के करीब पहुंचेंगे, बाजार में अस्थिरता और भी बढ़ सकती है। बीते सप्ताह 1 मई बुधवार को मजदूर दिवस पर बंद रहे जिससे शेयर बाजारों में केवल चार दिन ही कारोबार हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई। बीएसई का सेंसेक्स 856.90 अंकों की बढ़त के साथ 74,587.06 के स्तर पर खुला और 941.12 अंकों की बढ़त के साथ 74,671.28 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 191.15 अंकों की मजबूती के साथ 22,611.10 पर खुला और 223.46 अंक मजबूत होकर 22,643.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 129.61 अंक की तेजी के साथ 74,800 पर खुला और 188.50 अंक की गिरावट के साथ 74,482.78 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 36.25 अंक की बढ़त के साथ 22,679 के लेवल पर खुला और 38.55 अंक टूट कर 22,604.85 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 74,639 पर खुला और 74611.11 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 41 अंक बढ़कर 22,646 पर खुला और 22,648 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सुबह मजबूती के साथ शुरू हुआ घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 75,070 पर खुला और 732.96 अंक फिसलकर 73,878.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 135 अंक गिरकर 22,783 पर खुला और 172.33 अंक फिसलकर 22,475.85 पर बंद हुआ।

## सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा कोरियाई ब्यूटी ब्रांड की एंबेसडर बनी

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा ने 2021 में प्रतिष्ठित फैशन ब्रांड सेल्फ-पोर्ट्रेट के लिए कैंपेन में भाग लेकर मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान हासिल की। अब सारा ने मशहूर कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड लैनेज की ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ब्यूटी इंडस्ट्री में प्रवेश किया है। सारा ने लैनेज के उत्पाद का इस्तेमाल करते हुए अपनी एक आकर्षक तस्वीर शेयर की है। सारा ने कहा कि मैं लैनेज से जुड़कर रोमांचित हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसकी मैं इनोवेशन के प्रति समर्पण के लिए लंबे समय से प्रशंसा करती रही हूं। लैनेज के साथ साझेदारी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। लैनेज के साथ सारा की साझेदारी उनके करियर में एक नया चैप्टर है। सारा तेंदुलकर लैनेज में अपनी एंबेसडर की भूमिका में चमकदार सुंदरता का सार प्रस्तुत करती हैं। वह लोगों को आत्मविश्वास और प्रामाणिकता के साथ अपनी अनूठी चमक को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। अभिनेत्री या बड़ी मॉडल न होने के बावजूद सारा तेंदुलकर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फ्लॉइंग है। वह हमेशा ही अपनी खूबसूरती से सबको दीवाना बनाती रहती हैं। उनकी बेदाग त्वचा उन्हें ब्यूटी ब्रांड और स्कनिकेयर प्रोडक्ट एंडोर्समेंट के लिए मुफीद बनाते हैं। उनकी सादगी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। वह बिना बहुत मेकअप के लोगों का ध्यान खींचती हैं।

# सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाया



**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है।


इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक प्याज के निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदल कर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा। इससे पहले देर रात केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। दरअसल, सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर, 2023 तक इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने करीब छह महीने बाद प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया है। सरकार का यह कदम महाराष्ट्र के व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि यहां प्याज की फसल का एक बड़ा हिस्सा होता है।

## एनएसई का मुनाफा मार्च तिमाही में बढ़ कर 2,488 करोड़

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुनाफा 20 प्रतिशत बढ़कर 2,488 करोड़ रुपए रहा। एनएसई ने बयान में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय मार्च तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 4,625 करोड़ रुपए रही। एनएसई के निदेशक मंडल ने पिछले वित्त वर्ष के लिए 90 रुपए प्रति शेयर (प्री-बोनस) लाभांश की सिफारिश की है। साथ ही, निदेशक मंडल ने मौजूदा एक शेयर के लिए चार बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश की है। एकल आधार पर एनएसई का मार्च तिमाही का मुनाफा 1,856 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,810 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल परिचालन आय मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 4,123 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल समान तिमाही में 3,295 करोड़ रुपए थी।

# कोटक बैंक का मार्च तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़ कर 4,133 करोड़




**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान किया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के निदेशक मंडल ने पांच रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 2 रुपये के लाभांश देने की सिफारिश की है। कोटक महिंद्रा ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 3,496 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान उसकी कुल आमदनी बढ़कर 15,285 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 12,007 करोड़ रुपये रही थी। बैंक ने बताया कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उसका शुद्ध लाभ 26 फीसदी बढ़कर 13,782 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 10,939 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक की कुल आमदनी 2023-24 में बढ़कर 56,072 करोड़ रुपये रही है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 41,334 करोड़ रुपये थी। इसी तरह बैंक का शुद्ध ब्याज इनकम (एनआईआई) 21 फीसदी बढ़कर 25,993 करोड़ रुपये रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 21,552 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक बैंक का सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 1.39 फीसदी और शुद्ध एनपीए 0.34 फीसदी हो गया है। उल्लेखनीय है कि कोटक महिंद्रा बैंक के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 5 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर दो रुपये के लाभांश देने की सिफारिश की है।

# अडानी ग्रुप की फिलिपींस में भारी निवेश की योजना


**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े अमीर करोबारी गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप अब फिलीपींस में भारी निवेश की योजना बना रहा है। इससे पहले कंपनी श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल में प्रवेश कर चुकी है। अडानी ग्रुप की कंपनियां इस देश में पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, पावर और डिफेंस सेक्टर में निवेश करने पर विचार कर रही हैं। अडानी पोर्ट्स ने फिलीपींस के बटान में एक 25 मीटर डीप पोर्ट को डेवलप करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह पोर्ट पैनामैक्स वेसल्स को भी हैंडल कर सकता है। अमूमन इस तरह का जहाज 50,000 से 80,000 डेडवेट टन तक का होता है। ये 965 फीट लंबा, 106 फुट बीम और 39.5 फुट ड्राफ्ट का जहाज होता है। यह भारी मात्रा में सामान ले जा सकता है। दुनिया में कम ही बंदरगाहों में इस तरह के भारीभरकम जहाजों को हैंडल करने की सुविधा होती है। गौतम अडानी के बेटे और अडानी पोर्ट्स के एमडी करण अडानी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्निंडाड आर मार्कोस जूनियर के साथ मनीला में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने फिलीपींस में अडानी ग्रुप की निवेश योजनाओं के बारे में बताया। मार्कोस ने अडानी पोर्ट्स की योजनाओं का स्वागत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनी को एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स की हैंडलिंग पर फोकस करना चाहिए ताकि फिलीपींस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश में टूरिस्ट्स के लिए गेटवे डेवलप कर रही है। साथ ही एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स की लॉजिस्टिक कॉस्ट को भी सस्ता करने के लिए गेटवे बनाए जा रहे हैं।

## सोनी सब के 'वागले की दुनिया' में श्रीनिवास को आया हार्ट अटैक



वागले की दुनिया में जहां परिवार हर सुख-दुःख में एक साथ रहता है। हाल के एपिसोड्स में, श्रीनिवास को आधी रात में दिल का दौरा पड़ता है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। जहां डॉक्टर वागले परिवार को दिल दहला देने वाली खबर देता है कि श्रीनिवास की हालत गंभीर है, और उनके गंभीर हॉर्ट ब्लॉकेज के इलाज के लिए ऑपरेशन करने की आवश्यकता है, जो कि काफी महंगा है। राजेश और परिवार को सर्जरी के लिए पर्याप्त धन जुटाने का चुनौतीपूर्ण काम करना पड़ रहा है। भावनाएं अपने चरम पर हैं। ऐसे में, राजेश बहुत देर होने से पहले पैसा इकट्ठा करने के मिशन पर निकल पड़ता है। यह कहानी बेहद भावुक है, राजेश का संघर्ष केवल पैसों की व्यवस्था करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अपने पिता के प्रति उसके प्यार और ज़िम्मेदारी का प्रतीक भी है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.412 बिलियन डॉलर की गिरावट



**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.412 बिलियन डॉलर की तेज गिरावट हुई है। अब अपना भंडार 637.922 बिलियन डॉलर का ही रह गया है। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जबकि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट ही हो रही है। इससे पहले लगातार सात सप्ताह तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी ही हो रही थी। हालांकि, इसी समय अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में ऐसी स्थिति नहीं है। बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 26 अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट हुई। इस दौरान अपना भंडार 2.412 बिलियन घटकर 637.922 बिलयन रह गया था। इससे पहले 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 640.334 अरब डॉलर था। इससे पहले पांच अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। यह सर्वकालिक उच्च स्तर है। आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है। बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां में 1.159 बिलियन की कमी हुई है। अब अपना फॉरेन करेंसी असेट भंडार घट कर 559.701 बिलयन का रह गया है। वहीं अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। हालात ऐसे हैं कि वहां काम की चीजें मंगाने लायक भी विदेशी मुद्रा का भंडार नहीं बचा है। इसलिए बेहद संभल कर आयात करना पड़ता है। लेकिन बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार 35.5 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले, बीते 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के भंडार में की हुई थी। तब वहां का भंडार 13.280 अरब डालर का रह गया है। इस सप्ताह बढ़ोतरी के बाद अब वहां का भंडार 13.316 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार हो गया है।

## पेज एक के शेष

**इंडी गठबंधन अब वोट जिहाद का ले रहा सहारा : प्रधानमंत्री...**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी। लेकिन, उनकी सरकार ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं, तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वे कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरनेवाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

**कांग्रेस अब तुष्टीकरण की राह पर**

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो इंडी गठबंधन का नकाब उतार दिया है। अपने शासन काल में कांग्रेस भ्रष्टाचार, परिवारवाद की राह पर रहा। अब तो तुष्टीकरण की राह पर भी है। कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उससे उसे केवल एक ही वोट बैंक दिखता है- मुसलमान। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, इसकी बात करती है। कांग्रेस को यह सब नहीं करना है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले एससी, एसटी, ओबीसी को मिले आरक्षण पर डाका डालने में लगी है। संविधान जब बना, तब बाबा साहब आम्बेडकर ने तय किया था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। कांग्रेस आपका हक छीन कर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने में लगी है। सभी को सतर्क रहना होगा, लेकिन मोदी की गारंटी है कि जब तक वह जिंदा हैं तब तक दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्ती भर भी चोरी नहीं करने देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया, तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहने लगे कि झाड़ू लगाने और शौचालय बनाने से क्या होगा? आज गांव-गांव देखिए, हालात बदले हैं। उन्होंने जब मोबाइल का डेटा सस्ता किया, गांव-गांव में कॉमन सर्विस सेंटर खोले और हर गांव तक इंटरनेट पहुंचाने की ठानी, तो ये झामुमो वाले और कांग्रेस वाले कहते थे कि गांव वालों को इसका क्या फायदा? आज मेरे गांव का युवा सोशल मीडिया का हीरो है। कांग्रेस वालों ने इंटरनेट को अमीरों की चीज बना दिया था। मैंने इंटरनेट को गरीबों के घर पहुंचा दिया है।

इस दौरान मंच पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद समीर उरांव, सुदर्शन भगत, अर्जुन मुंडा (केन्द्रीय मंत्री), पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

**भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं : चम्पाई...**

नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है, जहां के आदिवासियों ने आन्दोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आयी है, एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ा कर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडिया गठबंधन को मजबूत करिए।

मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाया और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चल कर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनायेंगे। चाईबासा में मानकी, मुंडाओं के लिए सभा बनायी जायेगी, जिसमें 2000 डेलीगेट के बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया।

चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दी, लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां की आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही, हमारी सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री कर दी, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही।

इंडिया गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। यह केन्द्र सरकार बाबा साहेब द्वारा हमलोगों को दिये गये अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाना जानती है। युवाओं को झूठे सपने दिखाये जाते हैं। केन्द्र की सरकार से हर कोई परेशान है। लेकिन, भाजपा की केन्द्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा सिर्फ झूठ बोल कर वोट लेना जानती है।

**पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त की जमानत याचिका पर फैसला 10 को...**

घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमन्त सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयीं, वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। हेमन्त सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी की ओर से चार्जशीट भी दाखिल का चुका है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला की वादियों में पहुंचीं...**

अतिथि शिरकत करेंगी। इसी दिन सांय राष्ट्रपति शिमला वापस आयेंगी। 07 मई को राष्ट्रपति संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी तथा सांय माल रोड पर भ्रमण करेंगी। इसके पश्चात वह ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का आनन्द लेंगी। उसके बाद राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। राष्ट्रपति 08 मई को प्रातः शिमला से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए शिमला शहर, अनाडेल व कल्याणी हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये। केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अलावा एक हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात किये गये।शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय में छह मई को होने जा रहे सातवें दीक्षांत समारोह में 709 उपाधियां प्रदान की जाएंगी। विवि के कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने बताया कि राष्ट्रपति द्वारा 30 स्टूडेंटस को गोल्ड मेडल प्रदान किये जायेंगे, जिनमें 18 छात्राएं और 12 छात्र शामिल हैं। 11 स्टूडेंटस को पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जायेंगी, जिनमें सात छात्राएं व चार छात्र शामिल हैं। छह स्टूडेंटस को एमफिल की उपाधि दी जायेगी। वर्ष 2019-22 यूजी तथा वर्ष 2020-22 पीजी के बीच स्नातक तथा स्नातकोत्तर के 602 स्टूडेंटस को उपाधियां प्रदान की जायेंगी। नौ स्टूडेंटस को एडवांस डिप्लोमा प्रदान किये जायेंगे, जिनमें सात छात्र और दो छात्रा शामिल होंगी। 34 स्टूडेंटस, जिनमें 11 छात्राएं व 23 छात्र शामिल हैं, को पीजी डिप्लोमा तथा 17 स्टूडेंटस, जिनमें 08 छात्राएं व 09 छात्र शामिल हैं, को सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे। केन्द्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में देश के राष्ट्रपति तीसरी बार शिरकत करेंगे। 06 मई को सीयू के सातवें दीक्षांत समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी, जबकि इससे पहले वर्ष 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी और वर्ष 2022 तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिरकत की थी।

**किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा : खड़गे...**

उदाहरण के तौर पर, रबी 2022-23 के दौरान करीब 6 करोड़ पंजीकृत किसानों में से केवल 7.8 लाख किसानों के दावों का भुगतान किया गया, जो शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित है। ₹किसान न्याय₹ से हम उनका जीवन सुधारेंगे।

**कांग्रेस एक नम्बर की आदिवासी विरोधी पार्टी : शाह...**

कांग्रेस की सरकार बनी, तो उन्होंने 05 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 05 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बात का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि वह कहते हैं कि गुजरात और राजस्थान की जनता को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि गुजरात का एक-एक व्यक्ति कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी संसद में अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करते थे और कहते थे कि इसे हटाने पर देश में खून की नदिया बह जायेंगी। शाह ने कहा कि यह कानून हट भी गया, इसके बावजूद खून की नदियों की बात तो दूर, किसी ने एक पत्थर भी फेंकने की हिम्मत नहीं की, यह भाजपा की ताकत है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है, अमेठी छोड़ कर वह रायबरेली गये हैं। दरअसल, प्रॉब्लम सीट में नहीं है, बल्कि उनमें है। रायबरेली से राहुल प्रचंड बहुमत से हारेंगे, चाहे वह जहां भाग लें, जनता उन्हें खोज रही है।

इससे पूर्व गृह मंत्री ने जयश्री राम के साथ सभा की शुरूआत की। भगवान स्वामीनारायण और हाफेश्वरबाबा को प्रणाम किया। उन्होंने छोटाउदेपुर से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा को जिताने की अपील की।

**कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था : मुंडा...**

सरकार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया। यह खूंटीवासियों के लिए गर्व की बात है। कांग्रेस ने हमेशा से आदिवासी समाज के योगदान को भुलाने का काम किया, लेकिन भाजपा आज उनके योगदान को सबके समक्ष ला रही है। मुंडा ने कहा कि शुक्रवार को चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुझे एक कार्य सौंपा है, उन्होंने कहा था कि खूंटी की जनता को मेरा जोहार बोलना। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से आप सभी को जोहार और प्रणाम करता हूं। साथ ही, आप सभी से अपील करता हूं कि हम सभी को मिल कर फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है।

